संस्थापक : स्व . श्री वीर विक्रम आदित्य

स्थापना वर्ष : 2002

# हिन्द जनपथ

पंचकूला

शनिवार

18 अक्तूबर, 2025

वर्ष:24 अंक: 115

कुल पृष्ठ:08

मूल्य : 1 रुपया

खबरें छापते हैं छुपाते नहीं

दैनिक प्रभात संस्करण हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश से एक साथ प्रकाशित।

www.hindjanpath.com

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने 'एक दिया देश के नाम' अभियान के तहत 50 छात्राओं को कश्मीर के लिए किया रवाना



पेज-8

# संकल्प से सिद्धि: हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूरे होने पर गरीब परिवारों और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों को मिली बड़ी सौगात

## मुख्यमंत्री ने की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में 200 रुपए की वृद्धि की घोषणा, 1 नवंबर से मिलेगा 3200 रुपए प्रतिमाह पेंशन का लाभ

**हिन्द जनपथ**

**पंचकूला (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गरीब परिवारों को बड़ी सौगात मिली। 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के दूसरे चरण के तहत प्रदेशभर में लाभार्थियों को 141 ग्राम व 2 महाग्राम पंचायतों में 8,029 प्लॉटों का आवंटन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसके अलावा, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के दूसरे चरण में पिंजौर शहर में 518 प्लॉटों का भी आवंटन किया गया।

जिला पंचकूला में हरियाणा सरकार के गौरवमयी एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के कुछ लाभार्थियों को मंच पर आवंटन पत्र प्रदान किए।




इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद कल्याण, विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता, जिला अध्यक्ष श्री अजय मित्तल , बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती बंतो कटारिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया गया और प्रदेशभर के नागरिकों ने मुख्यमंत्री के संदेश को सुना।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में 200 रुपए की वृद्धि की घोषणा

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत लाभार्थियों को 3 हजार रुपये प्रति माह पेंशन का लाभ दिया जा रहा है। 1 नवंबर, 2025 से सरकार इसमें 200 रुपये की वृद्धि करने जा रही है। जिसके बाद नवंबर माह से लाभार्थियों को 3200 रुपये प्रति माह का लाभ प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि 100 गज के जिन लाभार्थियों को आज अधिकार पत्र प्रदान किए गए हैं, उनको रजिस्ट्री कराने की सुविधा के लिए धनतेरस के दिन भी तहसील खुली रहेंगी।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विगत 26-27 जुलाई को ग्रुप—सी पदों की भर्ती के लिए सीईटी परीक्षा का सफल संचालन किया गया। युवाओं द्वारा दस्तावेजों में सुधार करने के लिए पोर्टल खोलने की मांग आई आ रही थी। आज हरियाणा कर्मचारी आयोग द्वारा इस करेक्शन पोर्टल को खोल दिया गया है। यह पोर्टल 17 अक्तूबर, 2025 से लेकर 24 अक्तूबर, 2025 रात 11:59 बजे मिनट तक खुला रहेगा।

### पंचायतों और स्थानीय निकायों को भी मिली सौगात, डेवलपमेंट ग्रांट के रूप में 2,697 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पंचायतों को विकास कार्यों के लिए स्टैम्प ड्यूटी और बिजली की खपत पर पंचायत सेस की 1,044 करोड़ 57 लाख रुपये की राशि जारी की। साथ ही, प्रदेश के 322 गांवों में फिरनियों के निर्माण के लिए 169 करोड़ रुपये की राशि भी दी। इसके अलावा, शहरों में भी विकास कार्यों के लिए नगर निकायों को 1,483 करोड़ 77 लाख रुपये की राशि जारी की गई। कुल मिलाकर आज पंचायतों और नगर निकायों को डेवलपमेंट ग्रांट के रूप में 2,697 करोड़ 34 लाख रुपये की राशि वितरित की गई।

श्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को धनतेरस, दीपावली, गौवर्धन पूजा, भाई दूज और छठ पूजा पर्वों की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हरियाणा के विकास व जनकल्याण के दौर का एक स्वर्णिम दिन है। भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल का संकल्प, सेवा और समर्पण का पहला वर्ष पूरा हुआ है, जो सभी के लिए गर्व का क्षण है।

उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के सिर पर छत के लक्ष्य को पूरा करते हुए 'मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के पहले चरण में 4,002 प्लॉटों का आवंटन किया गया था और आज 8,029 प्लॉटों का किया आवंटन किया गया है। कुल मिलकर इस योजना में अब तक 12 हजार 31 प्लॉटों का आवंटन किया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के पहले चरण में 15,247 प्लॉटों का आवंटन किया गया और आज दूसरे चरण में पिंजौर शहर में 518 प्लॉटों का आवंटन किया गया। कुल मिलाकर अब तक इस योजना में 15,765 प्लॉटों का आवंटन किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले एक वर्ष में सरकार ने विभिन्न आवास योजनाओं के तहत 77,199 परिवारों को लाभ प्रदान किया है। इनमें से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 49,403 और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 27,796 परिवारों को लाभ मिला है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक साल पहले प्रदेश की जनता ने हमें तीसरी बार जनसेवा का ऐतिहासिक अवसर दिया। इससे पहले कोई भी पार्टी राज्य में लगातार तीन बार चुनाव नहीं जीत सकी। यह प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का विकसित राष्ट्र बनाने के विजन, राष्ट्रवाद, सुशासन, अंत्योदय दर्शन और सबका साथ-सबका विकास की भावना के प्रति मिला जनसमर्थन है।

# पीएम मोदी ने श्रीलंका की प्रधानमंत्री और मिस्र के विदेश मंत्री से की मुलाकात, कई मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली ।** भारत और श्रीलंका के ऐतिहासिक व बहुआयामी संबंधों को नई गति देने के उद्देश्य से श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरीनी अमरासूरिया ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीलंकाई प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि उनकी यह यात्रा दोनों देशों के संबंधों को और सुदृढ़ बनाएगी। उन्होंने इस वर्ष अप्रैल में श्रीलंका की अपनी राजकीय यात्रा को याद किया, जिसके दौरान उन्होंने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा डिसानायका के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर उपयोगी चर्चाएं की थीं। दोनों नेताओं ने शिक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, विकास सहयोग और मछुआरों के कल्याण जैसे कई क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-श्रीलंका के विशेष संबंधों को रेखांकित करते हुए साझा विकास यात्रा में मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने राष्ट्रपति डिसानायका को अपनी शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं और भविष्य में निरंतर संवाद की आशा जताई।





इसी क्रम में, मिस्र के विदेश मंत्री डॉ. बद्र अब्देलाती ने भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति सीसी को गाजा शांति समझौते में मिस्र की अहम भूमिका के लिए बधाई दी और उम्मीद जताई कि यह क्षेत्र में स्थायी शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

विदेश मंत्री अब्देलाती ने अपनी यात्रा के दौरान आयोजित पहली भारत-मिस्र रणनीतिक वार्ता की जानकारी प्रधानमंत्री को दी। प्रधानमंत्री मोदी ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा और जन-से-जन संबंधों सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में हो रही प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

# संचार क्षेत्र में भारत अग्रणी देशों में से एक बन गया है: सिंधिया

**नयी दिल्ली-** केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि संचार क्षेत्र में देश में आयी क्रांति को देखते हुए कहा जा सकता है कि भारत आज इस क्षेत्र में विश्व के अग्रणी देशों में से एक बन गया है।

श्री सिंधिया ने यहां संचार विभाग की पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों को लेकर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश संचार क्षेत्र के अग्रणी दो-तीन देशों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार संचार क्षेत्र में हो रही प्रगति को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना चाहती है और प्रत्येक व्यक्ति को इसके लाभ प्रदान करने के लिये गंभीरता से प्रयास किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि संचार विभाग में अब सर्किल स्तर पर कार्यों की निगरानी की जा रही है और शिकायतों के त्वरित निपटारे के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष संचार अवसंरचना की आधुनिकता और सुधार के मामले में निर्णायक प्रयास किये गये हैं। श्री सिंधिया ने कहा कि भारतीय संचार निगम लि (बीएसएनएल) पिछले 18 वर्षों में पहली बार मुनाफे में रहा है जिसके मद्देनजर इसकी मोबाइल फोन सेवा को जल्द ही 5जी में उच्चीकृत किया जायेगा। श्री सिंधिया ने कहा कि बीएसएनएल की पूरे देश में मोबाइल फोन सेवा को स्वदेशी निर्मित नेटवर्क 4जी से जोड़ दिया गया है। उपभोक्ताओं को बेहतर मोबाइल फोन कनेक्टिविटी मिले, इसके लिए टावर बढ़ाये जा रहे हैं। इन सब प्रयासों के बेतहर परिणाम मिल रहे हैं और बीएसएनएल की सेवा गुणवत्ता में निरंतर सुधार देखा जा रहा है। बीएसएनएल मोबाइल सेवा के उपभोक्ता निरंतर बढ़ रहे हैं।




उन्होंने बताया कि बीएसएनएल वित्तीय वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में 262 करोड़ और चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपये मुनाफे में रहा।

# इस साल बिहार में एक नहीं चार बार मनायी जायेगी दिवाली : अमित शाह

**छपरा-** केंद्रीय गृहमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि बिहार की जनता इस साल एक नहीं चार बार दिवाली का त्योहार मनाने जा रही है। श्री शाह ने तरैया के भाजपा प्रत्याशी जनक सिंह के नामांकन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एक दिवाली अभी तुरंत ही समाप्त हुई है,जब इस राज्य की प्रत्येक जीविका दीदी के खाते में दस हजार रुपया जमा किया गया था। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि दूसरी दिवाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद घरेलू उपयोग की 395 वस्तुओं पर टैक्स कम होने के बाद हमारी जिन्दगी में आई है और तीसरी दिवाली देश और बिहार में तिथि के अनुसार तब मनायी जायेगी, जब प्रभु श्रीराम वनवास समाप्त कर अयोध्या वापस लौटे थे। उन्होंने कहा कि वह तिथि आने ही वाली है। श्री शाह ने कहा कि चौथी दिवाली आगामी 14 नवम्बर को तब मनाई जाएगी,जब चुनाव के बाद प्रदेश में पूर्ण बहुमत से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनेगी।

# गुजरात के मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल में फेरबदल किया; कुल संख्या बढ़कर 26 हुई

**गांधीनगर:** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को 19 विधायकों को मंत्री बनाकर अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल किया, जिससे उनके मंत्रिमंडल में कुल सदस्यों की संख्या 26 हो गई, जबकि गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने नए मंत्रियों के साथ-साथ कैबिनेट मंत्री और राज्य मंत्रियों से स्वतंत्र प्रभार वाले मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

सूरत शहर के मुंजारा विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले संघवी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अब तक वे गृह राज्य मंत्री के पद पर थे।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने 25 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। अब मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित मंत्रिमंडल में कुल 26 सदस्य हैं।

मंत्रिमंडल में नए चेहरों को शामिल करने का यह कदम सरकार के गठन के मात्र तीन साल बाद और 2027 के विधानसभा चुनावों से दो साल पहले उठाया गया है।

आज सुबह, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान, पटेल ने राज्यपाल को राज्य मंत्रिमंडल की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन की अनुमति मांगी।

नियोजित विस्तार से एक दिन पहले, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी 16 मंत्रियों ने अपना इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री पटेल के नेतृत्व में पिछले मंत्रिमंडल में कुल 17 सदस्य थे - जिनमें से आठ कैबिनेट मंत्री और शेष राज्य मंत्री (MoS) थे।

182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात में अधिकतम 27 मंत्री (सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत) हो सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में, राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा केंद्रीय मंत्री सी.आर. पाटिल की जगह राज्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इकाई के नए अध्यक्ष बने। पार्टी सूत्रों ने एएनआई को बताया कि भाजपा की 'एक व्यक्ति, एक पद' नीति के कारण इस बार विश्वकर्मा का नाम मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं किया जाएगा।

# नये शिखर पर सेंसेक्स, निफ्टी, सेंसेक्स पहली बार 84,100 अंक के ऊपर

**मुंबई-** घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन बढ़त रही और प्रमुख सूचकांक नये रिकॉर्ड बनाने में कामयाब रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 484.53 अंक (0.58 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,952.19 अंक पर बंद हुआ जो इसका दूसरा उच्चतम बंद भाव है। बीच कारोबार में एक समय यह 84,172.24 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स पहली बार 84,100 अंक के ऊपर गया है।

इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 124.55 अंक यानी 0.49 प्रतिशत की बढ़त में 25,709.85 अंक पर बंद हुआ जो इसका नया रिकॉर्ड है।

दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों पर दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.58 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.05 फीसदी टूट गया।

एफएमसीजी, ऑटो, स्वास्थ्य, उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी और निजी बैंकों के समूहों में तेजी रही। वहीं,आईटी, धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों ने बाजार पर दबाव बनाया।



एनएसई में आज कुल 3,161 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें से 1,201 हरे निशान में और 1,873 लाल निशान में बंद हुए जबकि अन्य 87 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार चढ़ाव के बाद अंततः परिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 16 के शेयर हरे निशान में और अन्य 14 के लाल निशान में रहे। एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 4.18 फीसदी की तेजी देखी गयी।

महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 2.45 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 2.37, आईटीसी का 1.74, हिन्दुस्तान यूनीलिवर का 1.70, आईसीआईसीआई बैंक का 1.38, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.35 फीसदी और सन फार्मा का 1.28 फीसदी चढ़ा। इनके अलावा एचडीएफसी बैंक, टाइटन, मारुति सुजुकी और ट्रेंट के शेयरों में भी तेजी देखी गई। वहीं, खराब तिमाही परिणामों के कारण इंफोसिस में सबसे अधिक 2.14 प्रतिशत की गिरावट रही।

## मोटी-मोटी बातें

### महाराष्ट्र में 58 करोड़ रुपए के 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले का पर्दाफाश, 7 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र साइबर विभाग ने अब तक के सबसे बड़े 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी महाराष्ट्र साइबर विभाग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यशस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी।एडीजी यशस्वी यादव ने बताया कि यह घोटाला 58 करोड़ रुपए का है, जिसमें पीड़ित एक शिक्षित व्यक्ति और एक फार्मा कंपनी का संस्थापक है, लेकिन ऐसी परिस्थितियां पैदा की गईं कि वह व्यक्ति साइबर अपराधियों के 'डिजिटल अरेस्ट' का शिकार हो गया। पुलिस अधिकारी के अनुसार, इस घोटाले में ठगों ने अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया। उन्होंने पुलिस थाने, अदालत और अधिकारियों के नाम का नकली सेटअप तैयार किया, ताकि पीड़ित को यह लगे कि वह किसी वास्तविक कानूनी कार्रवाई में फंसे हैं। यह पूरी ठगी लगभग 40 दिनों तक चलती रही। 29 सितंबर को आखिरी लेनदेन हुआ, जिसके बाद पीड़ित ने दोस्तों को इस घटना की जानकारी दी।

इससे पीड़ित व्यक्ति मानसिक सदमे में आ गया और 11 दिन तक साइबर विभाग से संपर्क नहीं कर पाया। हालांकि, बाद में शिकायत मिलते ही महाराष्ट्र साइबर टीम ने करीब 6 हजार बैंक खातों को फ्रीज कर दिया। अब तक विभाग 58 करोड़ में से 4 करोड़ रुपए सुरक्षित वापस कराने में सफल हुआ है।

एडीजी यशस्वी यादव ने कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा डिजिटल अरेस्ट स्कैम है। हमारी नौ टीमें इस पर लगातार काम कर रही हैं और उम्मीद है कि अन्य रकम भी बरामद होगी। उन्होंने बताया कि हमने इस घोटाले में शामिल 7 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इसके साथ ही, पुलिस अधिकारी ने कहा कि बैंकों को अपनी गाइडलाइंस और सुरक्षा मानकों को मजबूत करने की जरूरत है। हम आरबीआई समेत सभी बैंकों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि इस साल अब तक 3 हजार से अधिक डिजिटल अरेस्ट मामलों की शिकायतें मिलीं, जिनमें से कई मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा किया जा चुका है।

### भारत के समृद्ध सोने और हीरे के भंडार देश के विकास को दे सकते हैं बढ़ावा : वेदांता ग्रुप के फाउंडर

**नई दिल्ली।** वेदांता ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत की उपस्थिति के बिना कुछ भी संभव नहीं है।एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2025 में अग्रवाल ने 'बिल्डिंग भारतः पर्पज, प्रोफिट, प्लेनेट' के समिट के सेशन को संबोधित करते हुए भारत की अपार संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका यही है कि अपनी गैस, तांबा, चांदी का उत्पादन किया जाए। आप जिस भी चीज की बात करते हैं, वह 'जमीन के नीचे' है।'

उन्होंने बताया कि वेदांता वर्तमान में देश की चांदी की आधी जरूरत को पूरी करता है। अग्रवाल ने कहा कि भारत को आगे बढ़ाने के लिए जरूरी है कि बड़ी कंपनियां एक लक्ष्य के साथ आगे आएं। वेदांता के संस्थापक ने भारत के युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों के बारे में भी बात की। देश की युवा पीढ़ी की ऊर्जा और महत्वाकांक्षा के बारे में आशा व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, 'हमारे युवाओं के लिए अवसर आए हैं और वे फल-फूल रहे हैं। भारतीय युवा आगे बढ़ रहे हैं और वे जो देश के बाहर जाकर करना चाहते थे अब देश में रह कर ही करेंगे।'

अग्रवाल ने भारत के बहुमूल्य संसाधनों के विशाल भंडार को लेकर भी बात की। उन्होंने देश की समृद्ध खनिज संपदा पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'दुनिया का सबसे अच्छा सोने का भंडार भारत में है। हीरे का सबसे अच्छा भंडार भी भारत में है।' अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, अग्रवाल ने अपनी साधारण शुरुआत के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'मैं बिहार का एक लड़का हूं, जिसे कुछ नहीं पता था। केवल तमन्नाएं थीं कि कुछ करना है।'

उन्होंने याद करते हुए कहा, 'मैं कभी हवाई जहाज या डबल-डेकर बस में नहीं बैठा। ये सब मेरे लिए सपने भर थे। मैं मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला हूं, जो बाद में बिहार आ गया।'

एनडीटीवी वर्ल्ड समिट 2025 दो दिवसीय कार्यक्रम है। कार्यक्रम का आज पहला दिन है और कल (18 अक्टूबर) इसका समापन होगा।

### भारत संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापारिक साझेदारी के लिए कर रहा अन्य देशों से बातचीत : पीयूष गोयल




**नई दिल्ली ।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत में हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण बदलाव आया है और अब वह मजबूत स्थिति से बातचीत करता है, जो मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और अन्य व्यापारिक व्यवस्थाओं के प्रति भारत के दृष्टिकोण के संदर्भ में देश के बढ़ते आर्थिक आत्मविश्वास और वैश्विक कद को दर्शाता है।राष्ट्रीय राजधानी में एसोचैम के वार्षिक सम्मेलन और 105वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि देश अब मुख्य रूप से उन देशों के साथ जुड़ रहा है जो भारत के प्रतिस्पर्धी नहीं हैं और यह सुनिश्चित कर रहा है कि व्यापार साझेदारी संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी हो। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वे दिन अब बीत गए जब भारत अपनी ताकत को पहचाने बिना असंतुलित मुक्त व्यापार समझौते करता था।

उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक दृष्टिकोण भारत को अपने घरेलू उद्योगों की सुरक्षा करने, निर्यात को बढ़ावा देने और निवेश एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के अवसर पैदा करने में सक्षम बनाता है, साथ ही ऐसे समझौतों से बचने में भी मदद करता है जो भारत की कीमत पर दूसरे पक्ष को अत्यधिक लाभ पहुंचा सकते हैं।


केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 700 अरब डॉलर के मजबूत स्तर पर बना हुआ है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियाद को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हर लिहाज से, भारत के लोग, व्यवसाय और उद्योग मिलकर एक नई गतिशीलता, उत्साह और आत्मविश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं जो कुछ साल पहले देखने को नहीं मिलता था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज दुनिया भारत को एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार और काम करने के लिए एक भरोसेमंद देश के रूप में देखती है। इसके अतिरिक्त, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अपने सतत विकास लक्ष्यों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और उसने पहले ही 250 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल कर ली है, जो देश के ट्रांसमिशन ग्रिड का 50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 2030 तक, भारत 500 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता हासिल कर लेगा, जिससे यह डेटा केंद्रों और स्वच्छ ऊर्जा निवेश के लिए सर्वोत्तम गंतव्यों में से एक बन जाएगा।

# ग्रामीण स्वाद महोत्सव- पोषण, परंपरा और महिला सशक्तिकरण का जीवंत संगमः उपायुक्त

### दाड़ी में फैली पारंपरिक स्वाद के संग महिला सशक्तिकरण की खुशबू

**धर्मशाला।** जिला प्रशासन कांगड़ा द्वारा आज दाड़ी मेला ग्राउंड में ग्रामीण स्वाद महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल पारंपरिक व पोषणयुक्त व्यंजनों का उत्सव रहा, बल्कि ग्रामीण महिला सशक्तिकरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया, जबकि समापन सत्र में उपायुक्त हेमराज बैरवा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूहों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रतिभागियों से संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की धरती जितनी प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है, उतनी ही समृद्ध इसकी पारंपरिक पाक कला, पोषण संस्कृति और महिला शक्ति भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वाद महोत्सव प्रशासन, समुदाय और स्वयं सहायता समूहों के बीच सहयोग और सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल स्थानीय खाद्य विविधता के संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होते हैं। उपायुक्त ने कहा कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों को और व्यापक रूप में आयोजित किया जाएगा, ताकि स्वयं सहायता समूहों को स्थायी बाजार और प्रशिक्षण के अधिक अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी से यह महोत्सव एक प्रेरणादायक पहल के रूप में उभरा है। उन्होंने आयोजक टीम को सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी।इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपार प्रतिभा, परंपरा और नवाचार छिपा हुआ है, जिसे सही अवसर और मंच मिलने पर यह प्रतिभा राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना सकती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वाद महोत्सव केवल व्यंजनों का आयोजन नहीं, बल्कि यह हमारे समाज की आत्मा, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण



का उत्सव है। इस आयोजन में भाग लेने वाली महिलाओं ने न केवल स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए हैं, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि ग्रामीण भारत में कौशल, परिश्रम और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है।÷

**पारंपरिक स्वाद की झलक और पोषण का संदेश** –महोत्सव में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए स्वयं सहायता समूहों ने पारंपरिक व्यंजनों और स्थानीय उत्पादों का सुंदर प्रदर्शन किया। मंडुआ (रागी), कांगणी, कुट्टू जैसे पोषक अनाजों से बने व्यंजनों ने स्वाद, स्वास्थ्य और परंपरा का अनोखा संगम प्रस्तुत किया। महिलाओं ने स्वयं व्यंजनों की तैयारी, प्रस्तुति और बिक्री की जिम्मेदारी संभाली। आगंतुकों ने उत्साहपूर्वक खरीदारी की और इससे लोगों में स्थानीय उत्पादों के प्रति जनजागरूकता भी बढ़ी।

**रेसिपी प्रतियोगिता बनी आकर्षण का केंद्र** –महोत्सव में आयोजित रेसिपी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पारंपरिक व्यंजनों की विविधता को मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में सहायक आयुक्त फूड सप्लाई सविता ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा, तथा तकनीकी सहायक सतिंद्र शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जय गौरा स्वयं सहायता समूह नगरोटा बगवां को द्वितीय पुरस्कार अकांक्षा स्वयं सहायता समूह धर्मशाला को जबकि तृतीय पुरस्कार जय दुर्गा एसएचजी, धर्मशाला को मिला। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए और सभी प्रतिभागी महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उत्पादों के संवर्धन की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वयं सहायता समूहों की प्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## केरल के दौरे से लौटे शिमला ज़िले के विद्यार्थी, साझा किए अनुभव



**शिमला।** भारत सरकार की ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ पहल के अंतर्गत केरल एक्सपोजर विजिट पर गए शिमला ज़िले के 26 छात्र-छात्राओं का दल आज शिमला लौट आया। इस दल में 19 बालिकाएं एवं 7 बालक शामिल थे। टीम का नेतृत्व जिला संयोजक डॉ. मामराज पुंडीर ने किया। विद्यार्थियों ने इस दौरे को स्मरणीय, ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताया। उन्होंने केरल की संस्कृति, भाषा, खानपान, शिक्षा प्रणाली और जीवनशैली को करीब से जाना और वहां के छात्रों से सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान किया। डॉ. मामराज पुंडीर ने बताया कि इस यात्रा से बच्चों को देश की विविधता में एकता को समझने का अवसर मिला, साथ ही यह अनुभव उनके आत्मविश्वास, संवाद कौशल और राष्ट्रीय दृष्टिकोण को मज़बूत करेगा। इस दौरान विद्यार्थियों ने केरल के विद्यालयों, ऐतिहासिक स्थलों, विज्ञान संस्थानों एवं सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लिया। वापसी पर सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस यात्रा को जीवन बदलने वाला अनुभव बताया। केंद्र सरकार और राज्य समन्वयक कार्यालय के सहयोग से यह यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

## धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत आवश्यक आदेश जारी

**सोलन।** ज़िला दण्डाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने 18 से 20 अक्तूबर, 2025 तक धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 एवं 117, सड़क नियमन नियम, 1999 के नियम 15 एवं 17 तथा हिमाचल प्रदेश मोटर वाहन नियम, 1999 के नियम 184 तथा 196 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए गए हैं।इन आदेशों के अनुसार धनतेरस व दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक से पुराना बस अड्डा सोलन तक 18 अक्तूबर से 20 अक्तूबर, 2025 तक प्रातः 11.00 बजे से रात्रि 08.00 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग एवं आवागमन के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि रोगी वाहन, अग्निशमन वाहन, सेना, आपातकालीन सेवा, कानून एवं व्यवस्था में प्रयुक्त वाहनों पर यह आदेश लागू नहीं होंगे। आदेशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि पुराना बस अड्डा से पुराना उपायुक्त कार्यालय चौक तक सामान ले जाने वाले साइकिल रिक्शा पर यह आदेश लागू नहीं होंगे।

## डॉ. शांडिल 18 अक्तूबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 18 अक्तूबर, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. शांडिल 18 अक्तूबर, 2025 को प्रातः 11.30 बजे सायरी व ममलीग में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित प्रवास के सम्बन्ध में ज़िला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे।

## दुबई में आईटीवी ट्रेलर ड्राईवर की रिक्तियों हेतु साक्षात्कार 27 को हरोली में

**धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने जानकारी दी है कि विदेशों में रोज़गार के इच्छुक युवाओं को हिमाचल प्रदेश सरकार के उपक्रम हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एचपीएसईडीसी) द्वारा दुबई जेबल अलीपोर्ट में आईटीवी ट्रेलर ड्राईवर की रिक्तियों हेतु ''वि वनञञ (मेसर्स जालंधर कौशल विकास निगम) के माध्यम से भर्तियाँ की जा रही हैं। इन पदों हेतु मासिक वेतन 2,250 संयुक्त अरब अमीरात दिरहम जोकि लगभग 52 हजार रूपये है के साथ ही ओवरटाइम और आवास भत्ता दिया जायेगा। इन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास रखी गई है, उम्मीदवार को बेसिक अंग्रेजी आनी चाहिये और आयु सीमा 24 से 41 वर्ष रखी गयी है व आवेदक के पास वैध पासपोर्ट और भारतीय भारी मोटर वाहन लाइसेंस होना जरूरी है। इच्छुक आवेदक 27 अक्तूबर 2025 को कौशल विकास केंद्र, पालकवाह तहसील हरोली, ज़िला ऊना में सुबह 9:00 बजे अपने मूल दस्तावेजों, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज़ फोटो व दस्तावेजों की प्रतिलिपियों के साथ पहुँचकर उक्त कम्पनी के समक्ष उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। सम्बन्धित आवेदक https://forms.gle/LgkjAcSDFsqBAb~w| लिंक पर पर अपना पंजीकरण करना सुनिश्चित करें, जोकि अनिवार्य है। चयनित उम्मीदवारों को भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा अनुमोदित तीस हजार रुपये और इस पर जीएसटी का शुल्क देना होगा। वैध पासपोर्ट व एचएमवी लाइसेंस न रखने वाले उम्मीदवारों को भर्ती में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01905-235508 पर संपर्क भी कर सकते हैं। इस साक्षात्कार के सम्बन्ध में यात्रा व अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।

# गांव के विकास में ही हिमाचल का विकास निहित : संजय अवस्थी





- **ग्राम पंचायत समोग में 43 लाख से नवनिर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण**
- **दानोघाट-नेरी-प्लाटा मार्ग के लिए 6.75 करोड़ रुपए स्वीकृत**

**सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि गांव की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ कर हिमाचल प्रदेश को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में सशक्त पग बढ़ाए जा सकते हैं। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत समोग में 43 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्र की आर्थिकी को मज़बूत करने के लिए अभिनव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जहां एक ओर किसानों, बागवानों एवं पशुपालकों को आर्थिक रूप से मज़बूत बनाने के लिए कार्य कर रही है वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क जैसी अधोसंरचना को बेहतर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध आधार पर स्थापित किए जा रहे राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल छात्रों को समग्र शिक्षा का लाभ प्रदान करेंगे।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की प्रक्रिया जारी है। स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है और सर्वप्रथम चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर आधुनिक रोबोटिक शल्य चिकित्सा आरम्भ की गई है। इस प्रणाली को अन्य स्तरों पर भी स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन आय के मुख्य स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है ताकि लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सकें। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए आरम्भ में प्राकृतिक खेती से उगाई गई गेहूं और मक्की का न्यूनतम समर्थन मूल्य काफी बेहतर किए गए है। पशुपालकों के लाभ के लिए गाय और भैंस के समर्थन मूल्य में रिकॉर्ड वृद्धि की गई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री किसानों एवं पशुपालकों को आश्वस्त किया है कि इस दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर वृद्धि जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को बेहतर रोज़गार एवं स्वरोज़गार प्रदान करने के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना के विभिन्न घटक लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि इन योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि लोगों तक इन योजनाएं की जानकारी पहुंचाने में योगदान दें ताकि पात्र लोग समय पर इनसे लाभान्वित हो सकें।

विधायक ने कहा कि ग्राम पंचायत समोग में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 47.39 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने कहा कि दानोघाट-नेरी-प्लाटा मार्ग के निर्माण के लिए लगभग 6.75 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायत समोग की पंजीकृत महिला मण्डल को समान क्रय के लिए 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। विधायक ने सामुदायिक भवन नेरी के प्रारम्भिक निर्माण कार्य के लिए 03 लाख रुपए, ग्राम दोची में मोक्षधाम निर्माण कार्य के लिए 1.50 लाख रुपए, ग्राम पंचायत कोटली में ट्रांसफार्मर के लिए 05 लाख रुपए तथा समोग में खेल मैदान के लिए 01 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने ग्राम पंचायत समोग के लिए 25 सोलर लाइट देने की घोषणा भी की।

संजय अवस्थी ने इस अवसर पर लोगों को विश्वास दिलाया कि उनकी विभिन्न जायज़ मांगों को चरणबद्ध आधार पर पूरा किया जाएगा। विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए।इस अवसर पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से संबद्ध सांस्कृतिक दल ने गीत-संगीत के माध्यम से प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।ग्राम पंचायत समोग की प्रधान सुनीता ठाकुर, ग्राम पंचायत चम्यावल की प्रधान उर्मिला ठाकुर, ग्राम पंचायत दानोघाट की प्रधान मंजू ठाकुर, ग्राम पंचायत रोहांज जलाणा की प्रधान सुनीता गर्ग, ग्राम पंचायत समोग के उप प्रधान कैलाश भाटिया, बीडीसी सदस्य कांता वर्मा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप, लैंड लूजर सोसायटी दाड़लाघाट के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, कांग्रेस पार्टी के राजिन्द्र रावत व राजेश ठाकुर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. मुक्ता रस्तोगी, तहसीलदार विपिन वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति व ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।

## सम्मान व्यक्ति को अधिक ऊर्जा और जुनून के साथ आगे बढ़ने की देता है प्रेरणा : डॉ. शांडिल

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि किसी व्यक्ति के लिए कोई भी सम्मान अतीत व वर्तमान के कार्यों की सराहना है और भविष्य के लिए एक जिम्मेदारी भी है। डॉ. शांडिल आज यहां हिमाचल आइकन अवार्ड 2025' समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि आज दिया जाने वाला सम्मान उन्हें और अधिक ऊर्जा और जुनून के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि 'हिमाचल आइकन अवार्ड 2025' उन असाधारण प्रतिभाओं को समर्पित है, जो मूक रहकर भी समाज और प्रदेश के विकास में एक मज़बूत स्तंभ की भूमिका निभा रहे हैं। यह कार्यक्रम हमारे छोटे-से



प्रदेश की बड़ी सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। स्वास्थ्य मंत्री ने आयोजकों की समाज के निर्माण में योगदान देने वालों को मंच प्रदान करने की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्पष्ट और सरल है। इनके द्वारा ऐसे लोगों को पहचानना, सम्मानित करना और प्रोत्साहित करना जो डॉक्टर, इंजीनियर, समाज सेवक, साहित्यकार, शिक्षाविद, उद्योगपति, गायक और कलाकार जैसी विभिन्न श्रेणियों में अपने अथक परिश्रम, नवाचार और सेवा भाव से हिमाचल का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनकी मेहनत की एक सार्वजनिक सराहना है।

डॉ. शांडिल ने कार्यक्रम के दौरान दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दी तथा प्रदेश के लोगों के उज्जवल भविष्य के साथ अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम में विशेष तौर पर पदम श्री विद्यानंद सरेक, मदन हिमाचली, विक्रम मेहता, डॉ. जोगेंद्र सिंह हाब्बी हिमाचल प्रदेश के एक प्रसिद्ध कलाकार जिनका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी शामिल है सहित कई विभूतियों को सम्मानित किया गया।ग्राम पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली, सेवानिवृत्त कर्नल संजय शांडिल, ज़िला शिकायत निवारण समिति की सदस्य संधीरा सीनू सिंह, महिला कांग्रेस की महासचिव सीता ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक, ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता रवि कपूर, तहसीलदार राजीव रांटा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने नारी सेवा सदन और बालिका आश्रम का दौरा किया

### बालिकाओं और महिलाओं को दीपावली की शुभकामनाएं दीं




**शिमला।** दिवाली उत्सव से पूर्व राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और उनकी धर्मपत्नी एवं राज्य रेड क्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा की अध्यक्ष जानकी शुक्ला ने आज जिला शिमला के मशोबरा स्थित नारी सेवा सदन और बालिका आश्रम का दौरा किया। उन्होंने आश्रम में रह रही महिलाओं और बालिकाओं को दिवाली की शुभकामनाएं दीं और मिठाइयां वितरित कीं। इस अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत करते हुए राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा जीवन को आकार देने में अत्यंत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने बालिकाओं से आग्रह किया कि वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें और आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि अपना उत्साह कभी कम न होने दें और सदैव राष्ट्र की प्रगति में योगदान देने का प्रयास करें। श्री शुक्ल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवभूमि है और यहां के त्यौहार राज्य की समृद्ध देव संस्कृति से जुड़े हुए हैं। हमारी भावनाएं और मूल्य सदैव इन दिव्य परंपराओं से जुड़े रहने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे संस्थानों में रह रहे बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के समान अवसर दिए जाने चाहिए। उन्हें सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ताकि उन्हें अपना कौशल और आत्मविश्वास प्रदर्शित करने का उपयुक्त मंच मिल सके। राज्यपाल के सचिव सी. पी. वर्मा, जिला प्रशासन के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## हि0 प्र0 राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दीपावली के अवसर पर पर्यावरणीय जागरूकता शिविर आयोजित

**धर्मशाला।** हि0 प्र0 राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय धर्मशाला द्वारा दीपावली के अवसर पर राजकीय उच्च पाठशाला चटैहड़ (योल) एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में पर्यावरणीय जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के दौरान विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को हि0 प्र0 राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय धर्मशाला के सहायक पर्यावरण अभियंता, ई0 वरुण गुप्ता द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए।

इस अवसर पर ई0 वरुण गुप्ता ने विद्यार्थियों को दीपावली के महत्त्व के बारे में जानकारी दी एवं सभी से ÷हरित दीपावली÷ मनाने तथा पटाखों का उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रदूषण मुक्त एवं पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन श्री अजय कुमार शर्मा ने सीएसआर के तहत प्राचीन कोठी का शिलान्यास किया

**शिमला।** एसजेवीएन के निदेशक (कार्मिक) एवं अध्यक्ष, एसजेवीएन फाउंडेशन श्री अजय कुमार शर्मा ने आज 1500 मेगावाट एनजेएचपीएस परियोजना क्षेत्र में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का शुभारम्भ किया। इसके तहत उन्होंने देवी साहिबा लाटी जाहरी, खड़काग मंदिर परिसर में स्थित प्राचीन कोठी का शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री अजय कुमार शर्मा ने परियोजना प्रभावित व्यक्ति के माध्यम से परियोजना कार्यों के लिए किराए पर लिए गए एक इलेक्ट्रिकल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।

अपने सम्बोधन में श्री अजय कुमार शर्मा ने कहा कि एसजेवीएन अपने परियोजना क्षेत्रों में न केवल विकासात्मक गतिविधियाँ कार्यान्वित कर रहा है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि देवी साहिबा लाटी जाहरी, खड़काग मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु एसजेवीएन अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति के अंतर्गत कुल रूपए 36 लाख से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख, एनजेएचपीएस श्री राजीव कपूर, एनजेएचपीएस के विभिन्न विभागाध्यक्ष एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति रहे।एसजेवीएन शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में सीएसआर पहलों के माध्यम से सतत एवं समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। एसजेवीएन फाउंडेशन के माध्यम से कंपनी स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाते हुए एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर रही है।

### आवश्यक सूचना

ब्पाठकों को सलाह दी जाती है कि किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र उपरोक्त विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**

**CORRIGENDUM**

The tender invited by this office NIT No.PW/NHD/CB/Tender-NIT/2025-26-3280-3310 dated 09/10/2025 Sr. No 1,5 and 6 are hereby cancelled due to some administrative reson

Executive Engineer,
Solan NH Division,
R.No.3802/2025-2026 HP.PWD., Solan

**RNI NO: HARHIN/2002/08034, Postal Regd No. HR/AB/54/23-25**, स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक एकान्ति राय गर्ग द्वारा जनपथ पब्लिशर्स, बूथ नं.: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8, पंचकूला से प्रकाशित। **सम्पादकः- एकान्ति रॉय गर्ग,** मुख्य कार्यालयः बूथ नं: 437-पी (बी.पी.पेट्रोल पंप के पीछे) सेक्टर-8 पंचकूला-134109(हरियाणा)। फोनः 0112-2569000, । email : hindjanpath@gmail.com, argarg1610@gmail.com ।

## न्यूज डायरी

### अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा। डॉ. शिवकुमार कल्याणरमन, CEO, ANRF का IIT रोपड़ दौरा



**हिन्द जनपथ**
**रोपड़(ब्यूरो)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) रोपड़ को डॉ. शिवकुमार कल्याणरमन, CEO, एडवांस्ड नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF), भारत का स्वागत करने का गौरव प्राप्त हुआ। यह दौरा देश में बहु-विषयक अनुसंधान और नवाचार के भविष्य को रेखांकित करता है।

अपने दौरे के दौरान, डॉ. शिवकुमार ने प्रो. राजीव आहूजा, निदेशक, IIT रोपड़ के साथ मिलकर हरगोबिंद खुराना भवन (SAB बिल्डिंग) में DREAMS (Dynamic Research Ecosystem in Advanced Materials) अनुदान समूह के लिए PAIR (Partnerships for Advanced Interdisciplinary Research) योजना के तहत नए कार्यालय का उद्घाटन किया। यह पहल उन्नत सामग्री अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत के संस्थानों के साथ सहयोग का एक सशक्त मंच है।

अपने संबोधन में, डॉ. शिवकुमार ने ANRF की रणनीतिक दृष्टि साझा की, जिसमें शिक्षा, उद्योग, सरकार और परोपकारी संस्थाओं के बीच गहरे सहयोग के माध्यम से भारत के अनुसंधान और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की बात कही गई—जो विकसित भारत के राष्ट्रीय मिशन के अनुरूप है। उन्होंने उच्च प्रभाव वाले, बहु-विषयक अनुसंधान को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया, जो वास्तविक समस्याओं का समाधान करे और भारत को विज्ञान और प्रौद्योगिकी में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाए।

प्रो. राजीव आहूजा ने इन विचारों की पुष्टि करते हुए कहा कि IIT रोपड़ सहयोगी अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करने और अनुसंधान को प्रभावशाली समाधान में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने DREAMS कार्यालय की स्थापना को एक समयानुकूल और परिवर्तनकारी कदम बताया।

डॉ. शिवकुमार ने IIT रोपड़ के प्रमुख नवाचार और उद्यमिता केंद्रों का भी दौरा किया, जिनमें TBIF (Technology Business Incubation Facility) और AWaDH (Agriculture and Water Technology Development Hub) शामिल हैं। उन्होंने अग्रणी तकनीकों पर काम कर रहे शोधकर्ताओं और स्टार्टअप्स से बातचीत की। दौरा Central Research Facility (CRF) के भ्रमण के साथ संपन्न हुआ, जहाँ उन्होंने संस्थान की अत्याधुनिक अनुसंधान संरचना का अवलोकन किया।

IIT रोपड़ नवाचार को बढ़ावा देने, रणनीतिक साझेदारी को सशक्त करने और भारत के अनुसंधान पुनर्जागरण में सार्थक योगदान देने के अपने मिशन पर दृढ़ है—जहाँ अग्रणी वैज्ञानिक खोजें, बहु-विषयक सहयोग, युवा शोधकर्ताओं और उद्यमियों को सशक्त बनाना, और ज्ञान को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं व वैश्विक चुनौतियों के समाधान में बदलना शामिल है।

### एसएसएफ ने "हौली चलो" अभियान से ग्रामीण सड़क सुरक्षा में लाई तेजी

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़/अमृतसर–** सड़क सुरक्षा को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक अहम पहल के तहत, पंजाब पुलिस के ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा विंग की सड़क सुरक्षा फोर्स (एसएसएफ) ने शुक्रवार को एनएच-5 (मोहाली-चंडीगढ़) हाईवे पर स्थित भागो माजरा टोल प्लाजा से ''हौली चलो'' स्टिकर अभियान की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि यह अभियान यारा इंडिया द्वारा समर्थित है और एसएसएफ द्वारा लागू किया जा रहा है।

अभियान की शुरुआत करते हुए विशेष पुलिस महानिदेशक (स्पेशल डीजीपी) ट्रैफिक और सड़क सुरक्षा, पंजाब, ए.एस. राय ने बताया कि पहले चरण में एसएसएफ के 144 रूटों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगभग 30,000 रिफ्लेक्टर स्टिकर लगाए जाएंगे, जो कि पंजाब के लगभग 4,100 किलोमीटर प्रमुख सड़क हिस्सों को कवर करेंगे।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2017 से 2022 के बीच पंजाब में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से संबंधित 2,048 सड़क हादसे हुए, जिनमें 1,569 लोगों की मौत हुई। मृतकों में अधिकांश किसान थे। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि इस अवधि (2017 से 2022) में राज्य में सड़क हादसों से होने वाली कुल मौतों में से 5-6 प्रतिशत मौतें ट्रैक्टर-ट्रॉली हादसों में हुईं, जो सुरक्षा उपायों की आवश्यकता की ओर संकेत करती हैं। ए.एस. राय ने कहा कि पंजाब के किसान, जो हमारे कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, उनकी सड़कों पर सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है।

# सोलन में शुरू हुई हिमाचल प्रदेश की दूसरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब

## आईआईटी रोपड़ ने हिमाचल प्रदेश में शूलिनी विश्वविद्यालय, सोलन में दूसरा साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब किया उद्घाटन



**हिन्द जनपथ**
**सोलन (ब्यूरो)।** शूलिनी विश्वविद्यालय के 16वें स्थापना दिवस के अवसर पर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड़ ने अपना 18वां साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब उद्घाटित किया, जो राष्ट्रीय मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (एनएम-आईसीपीएस), विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा समर्थित है। यह लैब हिमाचल प्रदेश में स्थापित दूसरी सीपीएस लैब है, जो राज्य की शिक्षा और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शांत पहाड़ियों के बीच स्थित यह लैब तकनीकी उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. प्रेम कुमार खोसला (चांसलर, शूलिनी विश्वविद्यालय) उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रो. रणबीर चंदर सोबती (कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय), श्रीमती सरोज खोसला (संस्थापक, अध्यक्ष एवं ट्रस्टी, एफएलएसबीएम), डॉ. राधिका त्रिखा (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईआईटी रोपड़–टीआईएफ ऑवध), और डॉ. मुकेश सी. केस्टवाल (मुख्य नवाचार अधिकारी, आईआईटी रोपड़–टीएफ ऑवध) भी मौजूद थे।

परियोजना प्रबंधक श्री देशराज धीमान और तकनीकी टीम ने लैब का दौरा कराया, जिसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने अत्याधुनिक संसाधनों को देखा। यह लैब शिक्षा, अनुसंधान, प्रोटोटाइपिंग, परीक्षण और सहयोग के लिए एक समग्र मंच के रूप में कार्य करेगी।

लैब में प्रमुख सुविधाएँ में शामिल हैं: आईआईटी रोपड़ द्वारा विकसित आईओटी किट्स, बीएलई विकास उपकरण, पर्यावरणीय सेंसर, और 3डी प्रिंटर। तकनीकी टीम ने पहले प्रशिक्षण सत्र में 35 छात्रों और शिक्षकों को सीपीएस टूलकिट्स और प्रयोग आधारित सीखने से परिचित कराया।

# कुरुक्षेत्र में गीतायन साहित्य महोत्सव 8 नवंबर से : अनिल विज करेंगे उद्घाटन



**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय के बैनर तले आगामी 8–9 नवम्बर को अखण्ड गीता पीठ, कुरुक्षेत्र में भव्य गीतायन साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय आयोजन में देश-विदेश के सैंकड़ों साहित्यकार, कलाकार और विद्वान सम्मिलित होंगे।

अखण्ड गीता पीठ के श्रीमद्भागवत गीता मण्डपम में आयोजित इस महोत्सव में गीतायन महाकाव्य ग्रंथ सहित कई अन्य कृतियों का लोकार्पण, कवि सम्मेलन, नृत्य-संगीत, नाट्य मंचन, पेंटिंग प्रदर्शनी, गोष्ठियाँ, सम्मान समारोह और तीर्थ-दर्शन कार्यक्रम होंगे।

कार्यक्रम का उद्घाटन हरियाणा सरकार के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज करेंगे, जबकि अध्यक्षता निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी शाश्वतानंद गिरि जी महाराज करेंगे। कवि सम्मेलन में डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र, सुनील साहिल सहित अनेक प्रतिष्ठित कवि एवं साहित्यकार उपस्थित रहेंगे। हरियाणा प्रदेश इकाई की मीडिया प्रभारी अन्नू रानी शर्मा ने संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम के निर्देशन में मंत्री अनिल विज से भेंट कर उन्हें औपचारिक आमंत्रण प्रदान किया। इस अवसर पर चेतन भारत लर्निंग, चण्डीगढ़ के फाउंडर डायरेक्टर चेतन शर्मा तथा हरियाणा के विख्यात उद्योगपति ऋषभ अग्रवाल भी उपस्थित रहे। विज ने साहित्योदय द्वारा किए जा रहे साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यों की सराहना करते हुए कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सम्मिलित होने की सहमति दी और महोत्सव की सफलता की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

## तस्करी गिरोह के पाँच सदस्यों को चार ग्लॉक पिस्तौलों और 2 किलो हेरोइन सहित किया गिरफ्तार




**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़/अमृतसर–** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार त्योहारों के सीजन को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष चेकिंग और विशेष अभियानों के दौरान बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर ने एक केंद्रीय एजेंसी के समन्वय में विदेशी हैंडलरों से जुड़े एक तस्करी नेटवर्क के पाँच सदस्यों को चार 9 मिमी कैलिबर ग्लॉक पिस्तौलों और 2 किलो हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज यहां दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान शिवम अरोड़ा निवासी न्यू जसपाल नगर, सुल्तानविंड रोड, अमृतसर; गुरप्रीत सिंह निवासी न्यू कपूर नगर, अमृतसर; अनमोलदीप सिंह निवासी सुल्तानविंड रोड, अमृतसर; अभिषेक सिंह निवासी गांव ढंड, तरनतारन और कुलमीत सिंह निवासी कॉलोनी गंगानगर, गांव ढंड, तरनतारन के तौर पर हुई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि आरोपी दुबई स्थित तस्कर के निर्देशों के तहत काम कर रहे थे, जो अपने पाकिस्तानी सहयोगियों के संपर्क में था। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा जब्त की गई खेप पाकिस्तान से भारत भेजी गई थी। डीजीपी ने आगे बताया कि गिरोह के बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी और पूरे नेटवर्क को निष्क्रिय करने के प्रयास जारी हैं। ऑपरेशन के विवरण साझा करते हुए, एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने कहा कि तस्करी की गतिविधियों में इन संदिग्धों की संलिप्तता के बारे में विश्वसनीय सूचना मिलने के बाद, केंद्रीय एजेंसी की टीमों के साथ संयुक्त अभियान में पुलिस ने एक गुप्त कार्रवाई की और पाँचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस: विभिन्न आयोजनों की तैयारियों की समीक्षा के लिए मंत्री समूह की बैठक

## समारोह में दुनियाभर की प्रमुख हस्तियाँ शामिल होंगी: सौंद




**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित आयोजनों की निगरानी कर रहे पंजाब सरकार के मंत्री समूह ने विभिन्न आयोजनों से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक की।

मंत्री समूह की बैठक पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद, शिक्षा एवं लोक संपर्क मंत्री हरजोत सिंह बैंस तथा सलाहकार (पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामले) दीपक बाली की अध्यक्षता में पर्यटन कार्यालय, सेक्टर 38 में आयोजित की गई। इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री समूह ने अधिकारियों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी आयोजन प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों सहित राज्य भर में श्रद्धा और सुचारु ढंग से आयोजित हों।

हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि नवंबर का पूरा महीना नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी और उनके अनुयायियों की अनुपम शहादत को समर्पित रहेगा, जो साहस, धर्म और आस्था के शाश्वत प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को भारत और विदेशों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इन आयोजनों को अविस्मरणीय बनाने हेतु आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा, ''यह ऐतिहासिक दिवस केवल श्रद्धांजलि नहीं है, बल्कि यह हमारी आध्यात्मिक जिम्मेदारी भी है कि हम सुनिश्चित करें कि 350वें शहीदी दिवस से जुड़ी पवित्रता और श्रद्धा हर व्यवस्था में झलके।'' उन्होंने बताया कि आनंदपुर साहिब में होने वाले आयोजन विश्व स्तर के होंगे।

पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने आगे बताया कि 23 से 25 नवंबर तक होने वाले मुख्य आयोजनों के दौरान श्री आनंदपुर साहिब नगर को सफेद रंग से रंगा जाएगा, जो पवित्रता और शांति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए सड़कों की मरम्मत, टेंट सिटी, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, चिकित्सा सहायता और कुशल ट्रैफिक प्रबंधन जैसी सभी आवश्यक सुविधाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वाहनों की पार्किंग के लिए 29 स्थानों की पहचान की गई है और आयोजन के दौरान ये सभी पार्किंग स्थल सक्रिय रहेंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को पवित्र स्थल तक लाने और वापस ले जाने के लिए एक समर्पित शटल बस सेवा चलाई जाएगी। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व में पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही कि ये यादगार आयोजन धार्मिक विश्वासों और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न हों।"

## अमृतसर में संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर जसवीर सिंह उर्फ लल्ला काबू; पिस्तौल बरामद

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब को एक सुरक्षित राज्य बनाने की चल रही आरंभ की मुहिम के दौरान बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए, एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) पंजाब ने अमृतसर ग्रामीण पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में विदेश-आधारित गैंगस्टर हरप्रीत सिंह उर्फ हैपी जट्ट और बंबीहा गैंग के मुख्य सरगना गैंगस्टर जसवीर सिंह उर्फ लल्ला को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने दी। पुलिस टीमों ने गिरफ्तार किए गए आरोपी के कब्जे से .30 कैलिबर की एक विदेशी पिस्तौल और आठ जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ से पता चला है कि आरोपी जसवीर सिंह उर्फ लल्ला को उसके विदेश-स्थित हैंडलर द्वारा विरोधी गिरोह के सदस्यों को निशाना बनाने के निर्देश दिए जा रहे थे।

एडीजीपी एजीटीएफ प्रमोद बान ने बताया कि गिरफ्तार गैंगस्टर जुलाई 2024 में हुई परमिंदरदीप सिंह उर्फ प्रिंस की हत्या के मामले में वांछित था। इसके अलावा, वह फरवरी 2025 में पुलिस पार्टी पर हुए हमले में भी शामिल था, जिसमें पंजाब पुलिस का एक एएसआई घायल हो गया था। इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए एआईजी एजीटीएफ संदीप गोयल ने बताया कि विशेष गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एजीटीएफ की पुलिस टीमों ने डीएसपी बिक्रमजीत बराड़ और डीएसपी (डी) अमृतसर ग्रामीण गुरिंदर पाल सिंह नागरा की निगरानी में अमृतसर ग्रामीण पुलिस के साथ मिलकर संदिग्ध जसवीर उर्फ लल्ला को गांव वडाला भीटेविंड में रोका।

# किसान, गरीब, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए संकल्पबद्ध है सरकार — मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## स्पष्ट नीति और साफ नीयत के साथ प्रदेश में तीन गुणा गति से हो रहा विकास — मुख्यमंत्री

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार किसान, गरीब, युवा और महिलाओं के कल्याण तथा उनके सर्वांगीण उत्थान के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार की विकास की नीति स्पष्ट है, नीयत साफ है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में तीन गुणा गति से विकास के कार्य आगे बढ़ रहे हैं। राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ कार्य कर रही है।

जिला पंचकूला में हरियाणा सरकार के गौरवमयी एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को मुख्यमंत्री संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद कल्याण, विधायक श्रीमती शक्ति रानी शर्मा और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञान चंद गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में किया गया और प्रदेशभर के नागरिकों ने मुख्यमंत्री के संदेश को सुना।

### वंचित अनुसूचित जातियों को दिया उनका अधिकार, सरकारी नौकरियों, पंचायत व स्थानीय निकायों के चुनावों में भागीदारी हुई सुनिश्चित

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक वंचित रह गई अनुसूचित जातियों को उनका अधिकार दिया है। इससे इन जातियों के लिए सरकारी नौकरियों में, पंचायत व स्थानीय निकायों के चुनावों में भागीदारी सुनिश्चित हुई है। पिछड़ा वर्ग-बी को पंचायती राज संस्थाओं व शहरी स्थानीय निकायों में आरक्षण दिया है। सरपंच पद के लिए 5 प्रतिशत तथा अन्य पदों के लिए उनकी जनसंख्या का 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। इसके अलावा, सरकार ने प्रजापति समाज को मिट्टी के बर्तन का कारोबार चलाने के लिए 1700 गांवों में आवा-पजावा जमीन का अधिकार पत्र दिया है। अब उनके काम में कोई बाधा नहीं आएगी। हमने प्रजापति समाज के सम्मान को बढ़ाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य के गठन से पहले के पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक देने हेतु हरियाणा ग्राम शामलात भूमि अधिनियम 1961 में संशोधन किया है। पंचायतों व पालिकाओं की भूमि पर 20 वर्षों से अधिक समय से काबिज परिवारों को मालिकाना हक देने का प्रावधान किया है। इसके तहत कोई भी नागरिक कलेक्टर रेट के डेढ़ गुणा मूल्य पर उस भूमि का मालिकाना हक बारे उपायुक्त को आवेदन कर सकता है।

उन्होंने कहा कि पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में 31 मार्च, 2027 तक घरों की छतों पर 2 किलोवाट तक का सोलर सिस्टम लगभग मुफ्त में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना में अब तक 37,825 सोलर सिस्टम लगाए जा चुके हैं। अगर किसी को 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगवाना है तो तीसरे 1 किलोवाट के लिए 18 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है। पिछले 11 साल में 1 लाख 61 हजार 837 सोलर पंप लगाए हैं। इनमें से 33,553 सोलर पंप पिछले एक साल में लगाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दयालु योजना के तहत 1.80 लाख रुपये तक वार्षिक आय वाले 8,299 पात्र परिवारों को 309 करोड़ 67 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। इसके अलावा, गरीब परिवारों की बेटियों की शादी पर 'मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना' के तहत 71 हजार रुपये तक शगुन दिया जाता है।

### किसान कल्याण सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने किसान को अपनी नीतियों के केंद्र में रखा है। आज हरियाणा में सभी फसलों की खरीद एम.एस.पी. पर की जाती है। पिछले 11 फसल सीजन में 12 लाख किसानों के खातों में 1 लाख 54 हजार करोड़ रुपये सीधे डाले गए हैं। फसल बेचने के 48 घंटे के भीतर भुगतान हमारी ईमानदार व्यवस्था का उदाहरण है। इसके अलावा, पिछले साल बारिश कम होने से किसानों के आर्थिक बोझ को कम करने के लिए खरीफ फसलों के लिए 2,000 रुपये प्रति एकड़ की दर से बोनस के रुप में कुल 1345 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। सरकार ने फसल खराब होने पर गत 11 सालों में किसानों को मुआवजे और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत अब तक 15 हजार करोड रुपये से अधिक की राशि दी है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि भूमि पट्टा विधेयक-2024 पारित करके पट्टेदार किसानों और भूमि मालिकों के बीच विश्वास बहाली का काम किया है।

नकली खाद, बीज और कीटनाशक बनाने व बेचने वालों को 5 साल की सजा देने का कानून लागू किया। बागवानी को बढ़ावा देने के लिए हमने भावांतर भरपाई योजना लागू की है। इस योजना के तहत लगभग 30 हजार किसानों को 135 करोड़ 37 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि किसानों के बैंक खातों में डाली गई। गत मानसून सीजन में बाढ़ के कारण घरों, घरेलू सामान और पशुओं की हानि के लिए 2,386 लोगों को मुआवजे के तौर पर 4 करोड़ 72 लाख 6 हजार रुपये की राशि उनके खातों में डाली है। वहीं, प्रदेश के 6,397 गांवों के 5 लाख 37 हजार किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर 31 लाख एकड़ क्षेत्र का पंजीकरण करवाया है। इस क्षेत्र के सत्यापन का काम जारी है। क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आए क्षेत्र का सत्यापन जल्दी करके किसानों को जल्द ही दी जाएगी।

## रियल एस्टेट सेक्टर के लिए गठित कमेटी की पहली बैठक संपन्न

**हिन्द जनपथ**
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** रियल एस्टेट सेक्टर में सकारात्मक बदलाव के लिए पंजाब सरकार द्वारा हाल ही में गठित की गई सेक्टर-विशेष कमेटी की पहली बैठक पुडा भवन, एस.ए.एस. नगर में हुई।

बैठक में उपस्थित कमेटी सदस्यों को संबोधित करते हुए आवास निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार रियल एस्टेट सेक्टर द्वारा राज्य के विकास में दिए जा रहे योगदान को भली-भांति समझती है, क्योंकि इस क्षेत्र की तरक्की से राज्य की अर्थव्यवस्था भी मज़बूत होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह सेक्टर-विशेष कमेटी सरकार को अपने सुझाव देकर रियल एस्टेट क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगी। बैठक में पंजाब सी.आर.ई.डी.ए.आई. के अध्यक्ष श्री जगजीत सिंह माझा ने रियल एस्टेट सेक्टर में संरचनात्मक नीतियाँ बनाने के लिए कमेटी गठित करने के सरकार के इस कदम की सराहना की। कमेटी के चेयरमैन श्री दीपक गर्ग (डायरेक्टर, मार्बेला ग्रुप) ने बैठक के दौरान पंजाब सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि कमेटी सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएगी। बैठक में यह भी सहमति बनी कि आने वाले दिनों में जालंधर और लुधियाना में बिल्डरों और संबंधित विकास प्राधिकरणों के बीच बैठकें आयोजित की जाएंगी ताकि इन शहरों में रियल एस्टेट क्षेत्र में और निवेश की रूपरेखा तैयार की जा सके।

**बोली सूचना**

गांव ललैण (करनाल) में मछली पालन हेतु तालाब की बोली 27 नवंबर 2025 को सुबह 11 बजे बालू पट्टी चौपाल में की जाएगी। सिक्योरिटी की राशि 20 हज़ार रहेगी। बाकी शर्तें मौके पर ही सुनाई जाएंगी।

**सरपंच- ऋतु वालदा**
**सचिन- अवतार**

**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

| क्र0 सं | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | OT-21/ 2025-26 | एस & टी वर्क इन कनेक्शन विद (i) प्रोविसजन ऑफ सेकंड लूप लाइन एट गुरने (जी०आर०एन) स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन (II) प्रोविजन ऑफ (पी०क्यू०आर०एस०) मशीन साइडिंग एट गुरने (जी आर एन स्टेशन ऑफ अंबाला डिवीजन. | 13.11.2025 at 15.00 hrs | Rs. 23463234.88/- | Rs. 267300/- | 180 दिन |

नोट :– वरि0 मंडल सिग० एवं टेली० इंजी० / उ०रे०, डी०आर०एम० ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें।

1 टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।

2 निविदाकारों को ई–टेण्डरिग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों / शर्तों इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्या:– एस.डब्ल्यू / सिग / अंबाला / एन0आई0टी0–09 / 2025–26 दिनांक: 16.10.2025 3221/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

### पाकिस्तान और तालिबान के बीच संघर्ष

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हाल में हुई हिंसक झड़पों से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। वैसे दोनों ओर संघर्ष के मोर्चे इस तरह खुलने की यह पहली घटना नहीं है। वर्ष 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान का शासन कायम होने के बाद भी यह सिलसिला जारी है। गौर करने वाली बात यह है कि पाकिस्तान पहले जिस तालिबान का हितैषी कहलाता था, आज वह उनके खिलाफ ही खड़ा हो गया है।इसका कारण यह है कि पाकिस्तान अपने इलाके में हो रहे आतंकी हमलों के लिए तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) को जिम्मेदार मानता है और यह आरोप लगाता रहा है कि उसे अफगानिस्तान की मौजूदा तालिबान सरकार का संरक्षण प्राप्त है। दोनों देशों के सुरक्षाबलों के बीच संघर्ष की यह घटना ऐसे समय में हुई, जब अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी भारत दौरे पर आए। ऐसे में यह सवाल भी उठ रहा है कि क्या पाकिस्तान को अफगानिस्तान का भारत के साथ मेलजोल बढ़ाना रास नहीं आ रहा है?दरअसल, पाकिस्तान के गठन के बाद से ही अफगानिस्तान के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं रहे हैं। वर्ष 1949 में आजाद पश्तूनिस्तान बनाने के मुद्दे पर पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की आदिवासी बस्तियों पर हमले किए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा पर हिंसक झड़पों का सिलसिला शुरू हो गया। पाकिस्तान का दावा है कि जब से अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता आई है, टीटीपी ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी हैं। उधर, अफगानिस्तान का आरोप है कि पाकिस्तान के सुरक्षाबल बिना कारण उसके सीमा क्षेत्र में हवाई हमले कर रहे हैं।दोनों देशों के आपसी विवाद की एक वजह सीमा पर 1893 में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान खींची गई 'डूरंड रेखा' भी है, जिसे पाकिस्तान मान्यता देता है, लेकिन अफगानिस्तान इसे अस्वीकार करता रहा है।

**भारत के दृष्टिकोण से देखें तो यह वह क्षण था जब कूटनीति की मेज़ पर 'संवाद के साथ संप्रभुता' का भारतीय मॉडल विजयी होता दिखा। भारत ने न तो अमेरिकी मध्यस्थता को स्वीकार किया, न ही पाकिस्तान की शांति-अभिनय की भाषा में शामिल हुआ। शर्म-अल-शेख में आयोजित गाज़ा शांति सम्मेलन का मंच सिर्फ़ पश्चिम एशिया की राजनीति का नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया के भविष्य के संकेतों का भी साक्षी बना। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जब सार्वजनिक रूप से कहा कि 'भारत और पाकिस्तान बहुत अच्छे से साथ रहेंगे' और साथ ही भारत को 'महान देश' बताते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की अप्रत्यक्ष प्रशंसा की, तो यह केवल कूटनीतिक शिष्टाचार नहीं था। यह बयान दरअसल उस रणनीतिक संदेश का प्रतीक है, जिसके जरिए ट्रंप एक साथ दोनों एशियाई देशों के साथ अपने रिश्तों को संतुलित रखना चाहते हैं— लेकिन प्राथमिकता के पलड़े भारत की ओर झुके दिखते हैं।**

# शहबाज शरीफ ने चापलूसी के सारे रिकॉर्ड तोड़कर पाकिस्तान के मस्तक पर चमचे का ताज सजा दिया है

(नीरज कुमार दुबे)

ट्रंप के इस वक्तव्य के पीछे दो परतें साफ़ दिखती हैं। पहली यह है कि वह यह जताना चाहते हैं कि उनकी मध्यस्थता के बिना भारत-पाक युद्ध छिड़ जाता, जो अमेरिकी 'विश्व उद्धारक' की छवि को पुनः स्थापित करने की कोशिश है। दूसरी, मोदी के लिए इस्तेमाल किया गया - माई वैरी गुड फ्रेंड' जैसा संबोधन न सिर्फ़ व्यक्तिगत निकटता दर्शाता है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि अमेरिका की दक्षिण एशिया नीति अब पाकिस्तान की 'रणनीतिक उपयोगिता' से कहीं आगे निकल चुकी है।

भारत के दृष्टिकोण से देखें तो यह वह क्षण था जब कूटनीति की मेज़ पर 'संवाद के साथ संप्रभुता' का भारतीय मॉडल विजयी होता दिखा। भारत ने न तो अमेरिकी मध्यस्थता को स्वीकार किया, न ही पाकिस्तान की शांति-अभिनय की भाषा में शामिल हुआ। विदेश मंत्रालय ने इस पूरे प्रसंग को संयमित शब्दों में संभालते हुए ट्रंप की भूमिका की सराहना तो की, पर स्पष्ट किया कि भारत शांति के लिए 'प्रत्यक्ष बातचीत' में विश्वास रखता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ट्रंप के प्रयासों की 'ईमानदारी' को रेखांकित करते हुए गाज़ा में बंधकों की रिहाई पर मानवता की जीत पर जोर दिया, न कि किसी नेता की।

इसके बरअक्स पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ का रवैया चौंकाने वाला और कुछ हद तक लज्जाजनक रहा। ट्रंप की प्रशंसा में उन्होंने जिस तरह चापलूसी के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए, वह पाकिस्तान की



कूटनीतिक निर्भरता का प्रतीक बन गया। मैं इस महान राष्ट्रपति को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित करता हूँ, से लेकर अगर यह सज्जन न होते तो भारत-पाकिस्तान युद्ध में कोई जीवित न बचता तक, हर वाक्य आत्मसमर्पण जैसा लगा। यह सिर्फ़ अमेरिकी कृपा पाने की कोशिश नहीं थी, बल्कि अपने घरेलू असंतोष और सैन्य दबावों के बीच शरीफ द्वारा सुरक्षा-राजनीति की लगाम वॉशिंगटन के हाथों में सौंपने जैसा कृत्य था।

यह वही पाकिस्तान है जिसने वर्षों तक अमेरिका से समानता की मांग की, पर अब एक नेता के व्यक्तिगत धन्यवाद में अपनी संप्रभुता का स्वर खो बैठा। शहबाज शरीफ का यह रवैया दो बातों को उजागर करता है। पहला यह कि पाकिस्तान की विदेश नीति आज आत्मनिर्भरता से कोसों दूर है और दूसरा यह कि शहबाज़ अपनी नाकामी को अमेरिकी प्रशंसा से ढंकने की कोशिश कर रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर, ट्रंप की मुस्कराहट वाली तस्वीर भी बहुत कुछ कहती है। ट्रंप ने जिस सहजता से कहा ' ही इज गोइंग टू हेल्प मेक देट हेप्पन राइट' वह एक राजनीतिक व्यंग्य था। यह संकेत था कि अमेरिका अब दक्षिण एशिया में 'मध्यस्थ' नहीं बल्कि 'निर्देशक'की भूमिका निभाना चाहता है और शहबाज शरीफ ने उसी वाक्य को अपने 'कृतज्ञता के ग्रंथ' में बदल डाला।

हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप की 'शांति की राजनीति' में भारत की भूमिका गरिमा के साथ सीमित रही। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह का सम्मेलन में उपस्थित होना और भारत का आधिकारिक वक्तव्य, दोनों ने यह संदेश दिया कि भारत किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर 'दूसरों के सहारे' नहीं बल्कि 'अपने सिद्धांतों'पर खड़ा रहेगा।

इस पूरी घटना का सार यही है कि जहाँ ट्रंप अपनी चुनावी छवि के लिए वैश्विक शांति-स्थापक का वस्त्र पहन रहे हैं, वहीं शहबाज़ शरीफ अपने कूटनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए उस वस्त्र के किनारे झाड़ रहे हैं। मोदी की शांत-नपी-तुली प्रतिक्रिया और शहबाज शरीफ की अतिशय प्रशंसा का यह विरोधाभास न केवल तीन नेताओं के व्यक्तित्व का अंतर बताता है, बल्कि दक्षिण एशिया के शक्ति-संतुलन का भी प्रतीक है।

शर्म-अल-शेख का यह दृश्य इतिहास में शायद 'गाज़ा शांति सम्मेलन' के नाम से दर्ज होगा, पर भारत और पाकिस्तान के लिए यह एक और संकेत छोड़ गया कि जो नेतृत्व अपने राष्ट्रीय सम्मान को दूसरों की तारीफों में खो देता है, वह शांति नहीं, पराधीनता का मार्ग चुनता है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर नेताओं की भाषा और बर्ताव ही यह तय करते हैं कि वे अपने देश का प्रतिनिधित्व किस गरिमा से कर रहे हैं।

बहरहाल, वैसे तो नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ के बीच किसी तरह की तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन दो पड़ोसी राष्ट्रों के नेतृत्व के बीच का अंतर इस मंच पर साफ़ दिखाई दिया। मोदी ने भारत के स्वाभिमान को दृढ़ता से बरकरार रखा और ट्रंप ने मोदी की प्रशंसा की, ना कि मोदी ने ट्रंप की प्रशंसा की। इसके उलट, शहबाज शरीफ ने अपने देश के स्वाभिमान की चिंता किए बिना सार्वजनिक मंच से ट्रंप की खुलेआम चापलूसी की। यह दृश्य दक्षिण एशिया की बदलती राजनीतिक मानसिकता और नेतृत्व की गुणवत्ता पर गहरी टिप्पणी छोड़ गया— जहाँ भारत का नेतृत्व आत्मगौरव और संतुलन का प्रतीक बनकर उभरा, वहीं पाकिस्तान का नेतृत्व आत्मविश्वासहीनता और निर्भरता की छवि में सिमट गया।

# धनतेरस के दिन भूलकर भी न करें ये गलतियां, पूरे साल भर पड़ेगा पछताना

(मनीष पाण्डेय)

धनतेरस का त्योहार 18 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस दिन देवी लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा की जाती है। आज के दिन नए बर्तन व झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस की शाम को कुछ गलतियां करने से बचना चाहिए ताकि आपके ऊपर मां लक्ष्मी का कृपा बनी रहे।

धनतेरस से पांच दिनों तक चलने वाले दिवाली के त्योहार की शुरुआत होती है। इसे धन त्रयोदशी और धन्वन्तरि त्रयोदशी भी कहा जाता है। 18 अक्टूबर को धनतेरस का त्योहार मनाया जाएगा। त्रयोदशी के दिन ही देवी लक्ष्मी समुद्र मंथन से प्रकट हुई थी। इस दिन मां लक्ष्मी और धन के देवता भगवान कुबेर की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन नए बर्तन, झाड़ू, भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की मूर्ति खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। हालांकि, धनतेरस के दिन कुछ गलतियां आपके लिए परेशानी खड़ी कर सकती हैं। आइए, जानते हैं कि धनतेरस की शाम कौन से काम नहीं करने चाहिए।

**धनतेरस की शाम घर में झाड़ू न लगाएं:** धनतेरस को झाड़ू खरीदना शुभ माना जाता है, लेकिन शाम के समय घर में झाड़ू लगाने से बचना चाहिए। ऐसा करने से मां लक्ष्मी रुष्ट हो जाती हैं। मान्यता है कि इस दिन शाम के समय झाड़ू लगाने से घर में दुख और दरिद्रता का वास होता है। इसलिए भूलकर भी धनतेरस की शाम को घर में झाड़ू नहीं लगनी चाहिए। ऐसे में सुबह ही घर की सफाई कर लें। खासकर इस दिन अपने दरवाजे पर गंदगी न रहने दें।



**धनतेरस की शाम दरवाजा बंद न करें:** धनतेरस की रात देवी लक्ष्मी पृथ्वी पर आती हैं और शुभता का आशीर्वाद देती हैं। इस दिन भूलकर भी घर के दरवाजे पूरी तरह बंद न करें। दरवाजे को थोड़ा खुला रहने दें ताकि आपके घर मां लक्ष्मी का आगमन हो सके और घर में सुख-समृद्धि बनी रहे।

**धनतेरस की शाम नमक का दान न करें:** धनतेरस के दिन दान करना शुभ माना जाता है। लेकिन शाम के समय किसी को कुछ देना आपके लिए अशुभ हो सकता है। इस दिन शाम को नमक या चीनी का दान करना अशुभ माना गया है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो जाती हैं और घर से चली जाती हैं। इसके अलावा शाम के समय नमक दान करने से राहु का प्रभाव बढ़ता है, जिससे परिवार में आर्थिक अस्थिरता और मानसिक तनाव बढ़ सकता है। इसलिए शाम के समय किसी को भी नमक न दें।

**धनतेरस की शाम किसी को पैसा उधार न दें:** धनतेरस पर देवी लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा की जाती है। इस दिन किसी को पैसा उधार देने से घर से आर्थिक नुकसान हो सकता है। ऐसे में धनतेरस के दिन पैसा उधार देने से बचना चाहिए। इस दिन किसी को पैसा उधार देने से घर से लक्ष्मी-कुबेर कृपा चली जाती है। माना जाता है कि ऐसा करने से धन की हानि होती है और परिवार में दरिद्रता का वास होता है। इसलिए धनतेरस की शाम को किसी को उधार न दें।

**धनतेरस की शाम घर में ताला न लगाएं:** धनतेरस की शाम अपने घर को पूरी तरह से बंद न करें और न ही उसमें ताला लगाएं। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इसी समय माता लक्ष्मी विचरण करती हैं और समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। ऐसे में अगर घर पूरी तरह से बंद होगा तो देवी लक्ष्मी प्रवेश नहीं करेंगी। इसलिए परिवार के किसी ने किसी सदस्य को घर पर रहना जरूरी है। धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे। इसी वजह से धातु के बर्तन खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। लेकिन इन्हें खाली घर में नहीं लाना चाहिए। माना जाता है कि खाली बर्तन घर में दरिद्रता का संकेत देते हैं। इसलिए जब भी बर्तन खरीदें, उनमें थोड़ा पानी, गुड़, खील या बताशे डालकर घर लाएं।

## वर्ग पहेली 5886

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | | ■ | 8 | |
| 9 | | | ■ | ■ | 10 | | ■ |
| ■ | ■ | 11 | 12 | 13 | | ■ | ■ |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | | 17 | ■ |
| 18 | | 19 | | ■ | ■ | 20 | 21 |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | ■ | 24 | |
| 25 | | ■ | 26 | | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. कम्प्यूटर की विशिष्ट भाषा के लिखे गए निर्देश का वह समूह जो कम्प्यूटर में इनपुट किए गए रॉडाटा की प्रोसेस करता है (3)
4. उत्तराखंड की सबसे ऊंची चोटी है (4)
7. तंदुरूस्त, स्वस्थ्य, आरोग्यी (5)
8. देवता से मांगा हुआ मनोरथ (2)
9. समस्त, सब (3)
10. भाव, निर्ख, दहलीज (2)
11. सम्राट अकबर के नवरत्नों में से एक जिनका पैतृक नाम महेशदास था (4)
14. डिवाइन कॉमेडी नाम प्रसिद्ध कृति के लेखक (2)
16. यह भगवान शिव का एक नाम है (4)
18. शिष्टता, नम्रता, सुशीलता (4)
20. कोमलकांड, सुंदर स्त्री (2)
22. जंघा, जांघ (2)
24. समय का अत्यंत छोटा भाग, लम्हा (2)
25. मान-मर्यादा, गौरव, दृढ़प्रतिज्ञा (2)
26. कामदेव, मनोज, मदन (4)

**ऊपर से नीचे**

1. क्रिया और परिवर्तन का संबद्ध कार्य (3)
2. वस्तु आदि खरीदने वाला, खरीदार (3)
3. स्वार्थी, खुदगर्ज (4)
4. गोकुल में गोपों के मुखिया (2)
5. जो रिश्तें में पति का छोटा भाई हो (3)
6. पराक्रमी बहादुर, हिंदी साहित्य में एक रस जिसका स्थायी भाव उत्साह है (2)
10. रगड़ या पीस कर टुकड़े-टुकड़े करना (3)
12. घोड़े की काठी पर झूलता पायदान (3)
13. शिकन, शक्ति, ताकत (2)
14. रद, दंत (2)
15. यह ईरान की राजधानी है (4)
17. राजा, भूपति, नृपति (4)
19. घोड़े आदि की पीठ पर रखने की गद्दी (3)
21. अभिनय गति, शास्त्रीय संगीत से संबंधित एक शब्द (2)
23. संयासी, योगी (2)

### वर्ग पहेली 5885 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पे | रि | स | ■ | इं | दौ | र | ■ |
| ज | वा | न | ■ | ट | र | का | ना |
| ■ | ज | म | हू | र | ■ | ब | म |
| रा | ■ | ■ | र | व | ■ | ■ | क |
| ज | वा | ब | ■ | ल | जा | धु | र |
| कु | दा | ल | ■ | ■ | पा | र | ण |
| मा | ■ | वा | ता | या | न | ■ | ■ |
| री | झ | ■ | जी | ■ | ■ | जौ | ■ |

# धनतेरस पर इन चीजों की खरीदारी से बढ़ेगा 13 गुना धन, मिलेगा मां लक्ष्मी का आशीर्वाद

(मनीष पाण्डेय)

धनतेरस का त्योहार 18 अक्टूबर 2025, शनिवार को मनाया जाएगा। इस दिन धन व समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की पूजा का विशेष महत्व है। धनतेरस पर कुछ खास चीजें खरीदना घर में सुख-शांति और धन वृद्धि के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

धनतेरस का त्योहार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इसे धन त्रयोदशी और धन्वन्तरि त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस से ही पांच दिन चलने वाले दिवाली के त्योहार की शुरुआत होती है। इस दिन धन व समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की पूजा का विशेष महत्व होता है। मान्यता है की इसी दिन समुद्र मंथन से देवी लक्ष्मी और अमृत कलश प्रकट हुआ था इसी वजह से इसे धनतेरस कहा जाता है।

पंचांग के अनुसार, इस साल धनतेरस का त्योहार 18 अक्टूबर 2025, शनिवार के दिन मनाया जाएगा। धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा करने से सुख और समृद्धि प्राप्त होती है। इस दिन कुछ खास चीजों को खरीदना बेहद ही शुभ माना जाता है। मान्यता है कि धनतेरस पर इन शुभ चीजों को खरीदने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और धन की वृद्धि होती है। आइए जानते हैं कि इस शुभ दिन पर किन-किन चीजों की खरीदारी करने से आपका धन 13 गुना बढ़ जाएगा।

**कुबेर यंत्र:** इस दिन कुबेर यंत्र को खरीदना अत्यंत शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन घर, दुकान के गल्ले या तिजोरी में कुबेर यंत्र रखने से धन और समृद्धि आती है। मान्यता है कि इस उपाय से धन की कमी दूर होती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

**नमक और धनिया:** धनतेरस के दिन नमक खरीदना शुभ माना जाता है। ऐसा करने से दरिद्रता दूर होती है और घर में धन की वृद्धि होती है। नमक नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर करता है। वहीं, धनिये को घर के आंगन या गमले में डालने से समृद्धि आती है।

**तांबा:** धनतेरस के दिन तांबे की वस्तुएं खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। तांबे के बर्तन या पूजा से जुड़ी वस्तुएं घर लाने से सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और स्वास्थ्य में सुधार होता है। इसी दिन कांसे से बने बर्तन या सजावटी वस्तुएं भी घर लाना शुभ रहता है।

**बर्तन:** धनतेरस का संबंध 'धन' और 'धातु' दोनों से है। इसीलिए तांबा, पीतल और चांदी के बर्तनों को खरीदना इस दिन बेहद ही शुभ माना जाता है। ज्योतिष में कहा गया है कि धातु खरीदने से शुक्र ग्रह मजबूत होता है और खर्चों में कमी आती है।

**झाड़ू:** धनतेरस पर झाड़ू खरीदने की परंपरा बहुत पुरानी है। मान्यता है कि इस दिन नया झाड़ू लाने से दरिद्रता दूर होती है। झाड़ू को लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। नई झाड़ू से घर की सफाई करने पर मां लक्ष्मी का आगमन होता है। धनतेरस के दिन भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी की मूर्तियों की खरीदारी करना शुभ माना जाता है।

## आज का राशिफल

### मेष
आज के दिन की गई यात्रा में आपको सफलता मिलेगी। हालांकि दोपहर के बाद किसी उच्चाधिकारी से वाद-विवाद की स्थिति बनती हुई नजर आ रही है। इस दौरान कानूनी मामलों में नया मोड़ आ सकता है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप अपनी भाषा पर नियंत्रण रखें। शाम के समय योजनाओं की पूर्ति से लाभ प्राप्ति के संयोग बन रहे हैं।

### वृष
आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है। कार्यस्थल पर किसी अधिकारी से मतभेद संभव दिख रही है। हालांकि अपने कार्य कौशल और आत्मविश्वास से आप विरोधियों पर भी आज के दिन विजय प्राप्त कर लेंगे। घर के उपयोग के लिए किसी वस्तु की आज खरीदारी कर सकते हैं। शुभ कार्यों में खर्च के योग बन रहे हैं।

### तुला
आज का दिन लाभ से भरा रहने वाला है। शुक्र ग्रह के प्रभाव से भौतिक सुख-सुविधाओं में आज के दिन वृद्धि होगी। जीवनसाथी का आपको पूरा सहयोग प्राप्त होगा। इस दौरान कार्यक्षेत्र में सफलता के नए अवसर मिलेंगे और सम्मान में वृद्धि होगी। हालांकि शाम के समय किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका बनती हुई दिख रही है। ऐसे में आपको सतर्क रहना होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन परोपकार से भरा रहेगा। दूसरों की मदद करने करने का मौका मिलेगा, जिससे आपको मानसिक शांति प्राप्त होगी। कार्यस्थल पर आपके अधिकारों में वृद्धि होती दिख रही है। आज के दिन सहकर्मियों के अंदर आपके प्रति जलन की भावना पैदा हो सकती है।

### मिथुन
आज का दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण दिख रहा है। परिवार में किसी प्रियजन से अलग होने का दुख मन को परेशान कर सकता है। इस दौरान राजनीतिक या सामाजिक कार्यों में रुकावट खड़ी होने की संभावना बन रही है। लेकिन दोपहर के बाद नई योजनाओं की रूपरेखा तैयार हो सकती है।

### कर्क
आज चंद्रमा के अनुकूल प्रभाव से व्यापार और साझेदारी में सफलता के योग बनते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान जीवनसाथी और कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का पूरा समर्थन मिलेगा। नौकरी करने वाले लोगों के लिए प्रमोशन के आसार नजर आ रहे हैं। आज के दिन मानसिक शांति बनी रहेगी।

### धनु
आज का दिन थोड़ा तनावपूर्ण रह सकता है। मंगल की स्थिति परिवार में अशांति और मतभेद उत्पन्न कर सकती है। ऐसे में आपको संयम से काम लेना होगा। परिजनों की सहायता करते समय थोड़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। रात का समय परिजनों के साथ बिताने के लिए शुभ रहेगा।

### मकर
आज अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। किसी नई डील से लाभ प्राप्त होगा। हालांकि घर में किसी सदस्य की तबीयत खराब होने से मानसिक तनाव हो सकता है। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और जल्दबाजी से बचें। किसी दोस्त की स्कीम से दूरी बनाकर रखें। दिन के अंत तक आर्थिक स्थिति में सुधार होता दिखेगा।

### सिंह
आज का दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी लोकप्रियता आज के दिन बढ़ती हुई दिख रही है। इस दौरान विरोधी सक्रिय दिख रहे हैं। ऐसे में कामकाज के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। एकादश भाव में गुरु का शुभ प्रभाव आपको पदोन्नति और आर्थिक लाभ मिल सकता है।

### कन्या
आज का दिन सम्मान रहने वाला है। शनि और केतु का योग उत्तम संपत्ति प्राप्ति का संकेत दे रहा है। इस दौरान समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। हालांकि जिम्मेदारियों में बढ़ोतरी से आपको थोड़ी असहजता महसूस हो सकती है। ऐसे में आपके लिए बेहतर होगा कि धैर्य बनाए रखें।

### कुंभ
आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। चंद्रमा के प्रभाव से किसी बड़ी सफलता का समाचार प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने से धन लाभ के योग बनेंगे। दिन के उत्तरार्ध में वैवाहिक जीवन में चर रही परेशानियां धीरे-धीरे समाप्त होंगी और रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। रात्रि का समय प्रियजनों के साथ आनंद में बीतेगा।


### मीन
आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। गुरु का प्रभाव करियर में प्रगति के संकेत दे रहा है। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। युवा वर्ग के लोगों को आज अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और कार्यक्षेत्र में सराहना होगी। शाम से रात्रि तक मेल-मिलाप और आनंद का माहौल रहेगा।

# म्यूजियम ऑफ सॉल्यूशंस ने व्रूम का उद्घाटन किया

## ● प्लनेट ऑटो के साथ साझेदारी में बच्चों के लिए डिज़ाइन की गई भारत की पहली ऑटो प्रदर्शनी

**मुंबई, एजेंसी।**
द म्यूजियम ऑफ सॉल्यूशंस ने व्रूम का अनावरण किया है, जो विशेष रूप से बच्चों के लिए डिज़ाइन किया गया भारत का पहला गहन ऑटोमोटिव अनुभव है। द म्यूजियम ऑफ सॉल्यूशंस द्वारा संकल्पित और प्लनेट ऑटो के साथ साझेदारी में निष्पादित, यह प्रदर्शनी अपनी तरह की एक अनूठी पहल है जो युवा मस्तिष्कों और वयस्कों को ऑटोमोबाइल की दुनिया में कदम रखने के लिए आमंत्रित करती है, न केवल दर्शकों के रूप में, बल्कि हाथों से सीखने वालों और जिज्ञासु समस्या-समाधानकर्ताओं के रूप में।

6,000 वर्ग फुट में फैला, व्रूम संग्रहालय के एक पूरे तल को एक लिविंग गैरेज में बदल देता है, जो एक गतिशील खेल का मैदान है जहाँ



जिज्ञासा सृजन से मिलती है। विज्ञान, डिज़ाइन और नवाचार के लिए आजीवन प्रेम जगाने के लिए डिज़ाइन की गई, प्रदर्शनी में इंटरैक्टिव ज़ोन, कार्यशील मॉडल और वास्तविक इंजीनियरिंग अनुभव शामिल हैं, जिसका हर कोना एक आगंतुक को समझने, सुधार करने और सपने देखने के लिए प्रेरित करता है। मोटुल इलेक्ट्रिकल बे को ऊर्जा प्रदान करता है, जो उच्च-प्रदर्शन इंजन तेलों के पीछे के विज्ञान और सटीकता को प्रदर्शित करता है, जबकि डब्ल्यूआईएए प्रदर्शन के लिए दुनिया की कुछ बेहतरीन विंटेज कारों को लाकर और पूरी प्रदर्शनी के दौरान सड़क सुरक्षा के बारे में आगंतुकों को शिक्षित करके व्रूम को बेहतर बनाता है। साथ में, ये भागीदार व्रूम को एक हैंड्स-ऑन खेल के मैदान में बदल देते हैं जहाँ जिज्ञासा, सीखना और नवाचार हर मोड़ पर मिलते हैं।

### समर्थन से जीवंत हो उठता है

व्रूम अपने नवाचार भागीदारों के समर्थन से जीवंत हो उठता है, जिनमें से प्रत्येक अनुभव में अपनी विशेषज्ञता और विरासत जोड़ रहा है। ऑटोमोबाइल का इतिहास मर्सिडीज-बेंज से शुरू होता है और आगंतुकों को इस प्रदर्शनी में दुनिया की पहली ऑटोमोबाइल - आइकॉनिक बेंज पेटेंट-मोटरवेगन - को एक रोमांचक एएमजी कार के साथ देखने का अवसर मिलेगा। मर्सिडीज-बेंज इंडिया मैकेनिकल बे को भी शक्ति प्रदान करता है, जिससे आगंतुक वास्तविक कारों के नीचे रेंग सकते हैं, एक इलेक्ट्रिक कार के घटकों का पता लगा सकते हैं, और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता को देख सकते हैं।

## एआई+ स्मार्टफोन ने पेश किया स्पार्कल रेड




**नई दिल्ली एजेंसी।** नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के एआई+ स्मार्टफोन ने अपने पल्स और नोवा 5जी मॉडलों में नया स्पार्कल रेड रंग संस्करण पेश किया है। भारत के त्योहारों की जीवंतता से प्रेरित यह नया रंग एआई+ स्मार्टफोन रेंज में एक साहसिक, ऊर्जावान रूप लाता है, जो इसके उपयोगकर्ताओं के आत्मविश्वास और व्यक्तित्व को दर्शाता है। स्पार्कल रेड संस्करण यह दर्शाता है कि एआई+ स्मार्टफोन किसके लिए खड़ा है- व्यक्तिगतता, उद्देश्य और लंबे समय तक टिकने वाला प्रदर्शन, एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहा। हमारा लक्ष्य ऐसी तकनीक बनाना है जो आत्मविश्वास जगाए और भारतीय उपयोगकर्ताओं को नियंत्रण वापस दे – खूबसूरत डिज़ाइन को भरोसेमंद प्रदर्शन के साथ जोड़ते हुए। नेक्स्टक्वांटम ओएस द्वारा संचालित, जो भारत का पहला संप्रभु मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम है, एआई+ स्मार्टफोन यह सुनिश्चित करता है कि उपयोगकर्ताओं को अपने व्यक्तिगत डेटा पर पूर्ण नियंत्रण हो। हर डिवाइस में नेक्स्टप्राइवेसी डैशबोर्ड शामिल है – एक रीयल-टाइम प्राइवेसी कंट्रोल सेंटर जो दिखाता है कि कौन-से ऐप्स आपके कैमरा, माइक, गैलरी या लोकेशन तक पहुंच रहे हैं, और उपयोगकर्ताओं को तुरंत एक्सेस रद्द करने की अनुमति देता है। बिना किसी छिपे ट्रैकर या ब्लोटवेयर के, सभी डेटा भारत के भीतर सुरक्षित रूप से संग्रहीत रहता है।

## कॉकरोच को गलत तरीके से मारना, आपके स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकता है

**मुंबई, एजेंसी।** डॉ. मुकेश संकलेचा, कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन, बॉम्बे हॉस्पिटल इंस्टीट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज ने कहा कि हो सकता है कि आप कॉकरोच को अक्सर न देखें, लेकिन वे वहीं हैं - रसोई की अलमारियों के पीछे, सिंक के नीचे या रात में बाहर रेंगते हुए। कॉकरोच सिर्फ गंदे दिखने वाले कीड़े ही नहीं हैं; वे बीमारियों के ख़ामोश वाहक और आपके परिवार के स्वास्थ्य के लिए संभावित खतरा हैं। उन्हें जल्दी से छुटकारा पाने के चक्कर में, हम अक्सर फ़ायदे से अधिक नुकसान कर बैठते हैं। लेकिन सबसे खतरनाक बात यह है कि कॉकरोच को मारने का गलत तरीक़ा, कीड़े से अधिक नुकसानदेह हो सकता है। वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चला है कि वे ई. कोली , साल्मोनेला और स्टैफ़ाइलोकोकस ऑरियस जैसे हानिकारक रोगाणुओं को फैला सकते हैं। जब हम उन्हें कुचलते हैं, ख़ासकर नंगे हाथों, पैरों या घर के औजारों से, तो हम इन बैक्टीरिया को फर्श और दीवारों पर फैलाने का जोखिम उठाते हैं। जिन कॉकरोचों को हम मारते हैं, वे संक्रमण का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा हैं। छुपी हुई कॉलोनियां और अंडे बिना छुए रह जाते हैं और कुछ ही दिनों में फिर से बढ़ जाते हैं। उनसे निपटने के लिए, कुछ लोग बिना जांच-परख वाले सस्ते प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, जिससे एलर्जी की प्रतिक्रियाएं और स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। कुछ लोग कॉकरोच या कीट-पतंगों को भगाने के लिए अगरबत्ती पर निर्भर रहते हैं, लेकिन वे बिलकुल भी सुरक्षित नहीं हैं। अध्ययनों से पता चला है कि ऐसी अगरबत्तियां हानिकारक कैंसर पैदा करने वाले पदार्थ छोड़ती हैं। छोटे या ख़राब हवादार घरों में, यह धुआं, ख़ासकर बच्चों और बुज़ुर्गों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकता है।

### कैसे एक कमरे से बनी अरबों डॉलर की कंपनी

## लेंसकार्ट आईपीओ पियूष बंसल को बना सकता है अरबपति

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
लगभग 15 साल पहले पियूष बंसल ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर लिंक्डइन पर रिश्ते बनाए और वहीं से लेंसकार्ट की नींव रखी। आज यह एक अरबों डॉलर की कंपनी बन चुकी है। 41 वर्ष की उम्र में, यह भारतीय उद्यमी और टीवी शो शार्क टैंक के जज अब एक अरबपति बनने की दहलीज पर हैं। कंपनी अगले महीने शेयर मार्केट में आईपीओ लाने की तैयारी में है, जिसकी संभावित वैल्यू करीब 9 अरब डॉलर बताई जा रही है। इस हिसाब से बंसल की हिस्सेदारी लगभग 800 मिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है, और अगर कंपनी के शेयर लिस्टिंग के दिन 25 प्रतिशत तक बढ़ते हैं, तो यह मूल्य 1 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है।

**पैसा, मुनाफा और भरोसे की कहानी:** बंसल का कहना है कि वे उन शुरुआती उपभोक्ता-टेक कंपनियों से अलग हैं जो घाटे में चल रही थीं। लेंसकार्ट ने मार्च 2025 को खत्म हुए वित्त वर्ष में अपना पहला सालाना मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी का कारोबार गुरुग्राम से संचालित होता है और यह ऑनलाइन व रिटेल स्टोर्स दोनों माध्यमों से चश्मे बेचती है।

**शार्क टैंक से मिली पहचान:** टीवी शो शार्क टैंक इंडिया के जज के रूप में बंसल ने देशभर में लोकप्रियता हासिल की है। उनके इंस्टाग्राम पर 9 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। वे कहते हैं कि कारोबार में उनकी सबसे बड़ी ताकत समय की समझ और दृढ़ता है। मजाक में वे बताते हैं कि वे और उनके सह-संस्थापक अमित चौधरी हर हफ्ते एक दिन नए विचारों पर चर्चा करते हैं और उनके अनुसार, हमारा



हिट रेट लगभग 50 प्रतिशत है, यानि सिक्का उछालने जितना बेहतर नहीं !

### शुरुआती कदम और शिक्षा

मैकगिल यूनिवर्सिटी मॉन्ट्रियल से इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के बाद, बंसल ने अमेरिका के रेडमंड में माइक्रोसॉफ्ट में अपना करियर शुरू किया, लेकिन जल्द ही वे भारत लौट आए और अपना खुद का बिजनेस शुरू किया। शुरुआत में उन्होंने एक स्टूडेंट हाउसिंग प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया, लेकिन आगे चलकर उन्होंने भारतीयों के विजन केयर की बड़ी कमी को पहचाना और इसी दिशा में कदम बढ़ाया। साथियों के साथ लेंसकार्ट की शुरुआत की। आज कंपनी डिजाइन से लेकर निर्माण और डिलीवरी तक अपने पूरे सप्लाई चेन पर नियंत्रण रखती है । लेंसकार्ट फिलहाल 2,723 स्टोर्स चला रही है, जिनमें भारत, मध्य पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया शामिल हैं। कंपनी की करीब 40 प्रतिशत आमदनी भारत के बाहर से आती है। आईपीओ से जुटाए गए फंड से वह नई स्टोर्स खोलने, एआई और टेक निवेश बढ़ाने, और कुछ अधिग्रहण करने की योजना बना रही है।

## मराल्ड फाइनेंस का मुनाफा एच1 एफवाय26 में 120 प्रतिशत उछला

**मुंबई।** एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड , जो भारत में अपने प्रमुख उत्पाद अर्ली वेज एक्सेस सहित विभिन्न वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने वाली एक गतिशील कंपनी है, ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। मराल्ड फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री संजय अग्रवाल ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही एमराल्ड फाइनेंस के लिए एक और मजबूत तिमाही रही, जो हमारे प्रमुख व्यवसाय क्षेत्रों में निरंतर वृद्धि की गति को दर्शाती है। हमने अब तक अपने अर्न्ड वेज एक्सेस प्लेटफॉर्म पर 145 कॉर्पोरेट्स को जोड़ा है और सफलतापूर्वक 'एमराल्ड इडब्ल्यूए' मोबाइल ऐप को गूगल प्ले पर लॉन्च किया है, जिससे हमारे कॉर्पोरेट पार्टनर्स और उनके कर्मचारियों के लिए डिजिटल पहुँच और बेहतर हुई है। हमारा गोल्ड लोन सिंडिकेशन व्यवसाय भी अच्छी गति से बढ़ रहा है, और वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 115 करोड़ से अधिक का वितरण किया गया है। यह हमारे पार्टनर्स के बढ़ते विश्वास और हमारे एसेट-लाइट, टेक्नोलॉजी-चालित मॉडल की विस्तार क्षमता को दर्शाता है।

भारत की वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र डिजिटल अपनाने, बढ़ती औपचारिक क्रेडिट पहुंच और नीति-चालित समावेशन पहलों के समर्थन से मजबूत विकास का अनुभव कर रहा है। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां और फिनटेक इस विकास की अग्रिम पंक्ति में हैं, और एमराल्ड अपनी तकनीक-प्रेरित, एसेट-लाइट मॉडल और समावेशी वित्तीय दृष्टिकोण के माध्यम से इस परिदृश्य में अच्छी स्थिति में है।

## हमारे कई प्रमुख ग्राहक पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से हमारे साथ जुड़े हुए हैं: चंदर बिंदल

**मुंबई।** चंदर बिंदल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, तेजस कार्गो इंडिया लिमिटेड के साथ साक्षात्कार ने कहा कि हमारी कहानी एकदम शुरुआत से निर्माण करने की है। हमने छोटे स्तर से शुरूआत की – बाजार से बेड़े (फ्लीट) को एकत्रित किया और धीरे-धीरे ग्राहकों का विश्वास जीतना शुरू किया। 2014 में हमें एक निर्णायक मोड़ मिला, जब हमने अपनी पहली 10 कंपनी-स्वामित्व वाली ट्रकें खरीदीं। इसके बाद हमने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। आज हमारे पास पूरे भारत में 1,199 से अधिक पूर्ण रूप से कंपनी के स्वामित्व वाले ट्रक और ट्रेलर हैं, जो ई-कॉमर्स, एक्सप्रेस कार्गो, स्टील, सीमेंट, एफएमसीजी , और एफएमसीडी जैसे विभिन्न क्षेत्रों को सेवाएं दे रहे हैं। हमने जानबूझकर एसेट-हैवी मॉडल को अपनाया क्योंकि बेड़े पर प्रत्यक्ष नियंत्रण हमें बेहतरीन भरोसेमंद सेवाएं, उच्च गुणवत्ता और लागत प्रभावशीलता प्रदान करता है। हमारी लगभग 95 प्रतिशत आय बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों से आती है, जिनके साथ हमारे 1 से 4 वर्षों के वार्षिक अनुबंध होते हैं। हमारे कई प्रमुख ग्राहक पिछले पांच वर्षों से भी अधिक समय से हमारे साथ जुड़े हुए हैं।

हमारी सबसे बड़ी खासियत है स्वामित्व और तकनीक। जबकि इस उद्योग में कई कंपनियाँ तीसरे पक्ष के बेड़े पर निर्भर रहती हैं, हमारा एसेट-हैवी मॉडल सेवा की विश्वसनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। इसे और मजबूत बनाता है हमारा स्वदेशी इन-हाउस इआरपी सिस्टम, जो पूरे लॉजिस्टिक्स चक्र को संभालता है – ऑर्डर प्राप्त करने से लेकर बिलिंग और भुगतान तक। हमारा केंद्रीकृत 24×7 कंट्रोल टावर आइओटी डिवाइसेज़, एडीएएस, जियो-फेंसिंग और ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम्स से जुड़ा है, जिससे उच्च स्तर की सुरक्षा और लगभग 85 प्रतिशत बेड़े की उपयोगिता सुनिश्चित होती है। इन प्रक्रियाओं की दक्षता का सीधा असर डिलीवरी समय पर पड़ता है – उदाहरण के लिए, हम दिल्ली से बेंगलुरु का माल सिर्फ 44 घंटों में पहुंचाते हैं, जबकि उद्योग में यह समय आमतौर पर 70 से 80 घंटे होता है।

हमारे कुल राजस्व का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा सीमेंट, स्टील, एफएमसीजी, एक्सप्रेस कार्गो और ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों की बड़ी कॉर्पोरेट कंपनियों से आता है। विविधीकरण के तहत हम कोयला और फ्लाई ऐश परिवहन, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल लॉजिस्टिक्स, और यहां तक कि रेल आधारित लॉजिस्टिक्स में भी सक्रिय रूप से प्रवेश कर रहे हैं। हम प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माताओं के साथ कार कैरियर सेवाओं के लिए बातचीत कर रहे हैं, जो हमारे लिए एक नया और बड़ा वर्टिकल खोल सकता है। हमारे ड्राइवर हमारे व्यवसाय के केंद्र में हैं। हमारे साथ 2,000 से अधिक ड्राइवर जुड़े हुए हैं, और हम उनकी प्रशिक्षण, सुरक्षा और कल्याण में लगातार निवेश करते हैं।

## जियो फाइनेंस, इंफोसिस और टाटा ग्रुप के शेयरों पर आज रहेगी निवेशकों की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान जिंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज के जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान जिंक, जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर आज फोकस में रहेंगे, क्योंकि कंपनियां आज दूसरी तिमाही के नतीजे घोषित करेंगी। इन कंपनियों के शेयरों में निवेशकों की खास निगाह रहेगी। इनके अलावा इंफोसिस, विप्रो, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, वारी एनर्जीज, टाटा स्टील, मेट्रो ब्रांड्स, अशोक लीलैंड, जी एंटरटेनमेंट और बीईएमएल के शेयर भी अपने विभिन्न अपडेट्स की वजह से फोकस में रहेंगे। इंफोसिस ने दूसरी तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया है। कंपनी की तिमाही राजस्व वृद्धि 2.2 प्रतिशत रही और उसने पूरे वित्त वर्ष के लिए राजस्व वृद्धि अनुमान 2-3 प्रतिशत



तक बढ़ा दिया है, जबकि ईबीआईटी मार्जिन आउटलुक को 20-22 प्रतिशत के बीच रखा है। विप्रो ने 22,641 करोड़ का राजस्व दर्ज किया, जो तिमाही-दर-तिमाही 2.5 प्रतिशत की बढ़त है। इसका आईटी ईबीआईटी 6 प्रतिशत बढ़कर 3,783 करोड़ तक पहुंच गया, और ऑपरेटिंग मार्जिन 16.7 प्रतिशत पर रहा। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज का राजस्व साल-दर-साल 41 प्रतिशत बढ़कर 981.4 करोड़ पर पहुंच गया, जिसमें लोन, एसेट मैनेजमेंट और पेमेंट सर्विसेज का योगदान मजबूत रहा। सौर ऊर्जा कंपनी वारी एनर्जीज ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसकी शुद्ध लाभ 133 प्रतिशत उछलकर 842 करोड़ हो गई। टाटा स्टील ने एयर वाटर इंडिया के साथ जमशेदपुर में एयर सेपरेशन यूनिट (एएसयू) के संचालन और रखरखाव को लेकर लंबी अवधि का करार किया है। बीईएमएल ने रक्षा और एयरोस्पेस इंडस्ट्री के लिए अपग्रेडेड कंपोजिट प्रोडक्ट को लेकर किनेको लिमिटेड के साथ समझौता किया है। फुटवियर कंपनी मेट्रो ब्रांड्स का शुद्ध लाभ साल-दर-साल 4.2 प्रतिशत घटकर 69 करोड़ रहा, हालांकि इसका राजस्व 11.2 प्रतिशत बढ़कर 651 करोड़ पहुंचा।

### क्यू2 रिजल्ट से निवेशक निराश, 16 एक्सपर्ट्स की बेचने की सलाह

## 4.50 प्रतिशत टूटा यह दिग्गज आईटी स्टॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटी कंपनी विप्रो लिमिटेड के शेयरो में 4.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट शुक्रवार की सुबह देखने को मिली है। जिसके बाद कंपनी के शेयरों का भाव 242 रुपये तक आ गया। कंपनी के शेयरों में इस गिरावट के पीछे की वजह तिमाही नतीजे को माने जा रहा है। विप्रो लिमिटेड ने गुरुवार को तिमाही नतीजों का ऐलान किया था। रिपोर्ट के अनुसार 47 में से 16 एक्सपर्ट्स ने विप्रो के शेयरों को बेचने की सलाह दी है। वहीं, इस बिकवाली के बीच भी 13 एक्सपर्ट्स इस पर दांव लगाने की बात कह रहे हैं। 18 एक्सपर्ट्स ने विप्रो के मौजूदा निवेशकों को होल्ड की करने की बात कही है।

### नोमुरा ने दी है खरीदने की सलाह

ब्रोकरेज हाउस नोमुरा ने 280 रुपये का टारगेट प्राइस विप्रो के लिए सेट किया है। ब्रोकरेज हाउस ने आईटी कंपनी को खरीदने की सलाह दी है। इस ब्रोकरेज हाउस का मानना है कि विप्रो लिमिटेड के शेयर कई पैरामीटर को तोड़ने में सफल रहे हैं।

**जेफरिज का मानना है कि गिरेगा भाव:** ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस ने 220 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। जोकि कंपनी के 52 वीक लो लेवल 225 रुपये से भी कम का है। जेफरिज ने अंडरपरफॉर्म की रेटिंग दी है।

### नेट प्रॉफिट में मामूली इजाफा

आईटी कंपनी का नेट प्रॉफिट सितंबर तिमाही के दौरान 3246.20 करोड़ रुपये रहा था। एक साल पहले विप्रो लिमिटेड का नेट प्रॉफिट 3208.80 करोड़ रुपये रहा था। यानी सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में मामूली सा इजाफा हुआ है। जुलाई से सितंबर के दौरान इस कंपनी का रेवन्यू 22697.30 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत ही बढ़ा है।

# भारत में 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान यूपीआई के जरिए

### बोले आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में करीब 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान लेनदेन यूपीआई के जरिए होता है। देश समावेशी, सुरक्षित और स्केलेबल डिजिटल पब्लिक प्लेटफॉर्म (डीपीपी) के मामले में एक उदाहरण बन सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को वाशिंगटन में यह बात कही।

भारत में करीब 85 प्रतिशत डिजिटल भुगतान लेनदेन यूपीआई के जरिए होता है। देश समावेशी, सुरक्षित और स्केलेबल डिजिटल पब्लिक प्लेटफॉर्म (डीपीपी) के मामले में एक उदाहरण बन सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को यह बात कही। मल्होत्रा ने मंगलवार को वाशिंगटन डीसी में विश्व बैंक और



अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठक के अवसर पर आरबीआई की ओर से आयोजित डिजिटल सार्वजनिक प्लेटफार्मों के माध्यम से आर्थिक लचीलापन लाने से जुड़े से कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, डीपीपी समावेशी विकास और नवाचार के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक बन गए हैं। आरबीआई गवर्नर ने डिजिटल पहचान (आधार) और वास्तविक समय भुगतान (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस - यूपीआई) के लिए आधारभूत प्लेटफार्मों ने सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है कि बड़े पैमाने पर लचीली, लागत-कुशल सार्वजनिक सेवा वितरण प्रणाली कैसे बनाई जाए।

### अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा ने भारत के डीपीपी पारिस्थितिकी तंत्र और डिजिटलीकरण व वित्तीय समावेशन, विशेषकर सरकारी हस्तांतरण भुगतान में उनकी भूमिका के बारे में भी बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वसुधैव कुटुम्बकम की सच्ची भावना के साथ, भारत डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने के लिए ऐसे प्लेटफार्मों पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारे लिए मार्गदर्शक सिद्धांत यह रहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र में ऐसे प्लेटफॉर्मों का निर्माण सार्वजनिक हित के रूप में किया जाए, जिनमें उपयुक्त सुरक्षा कवच हो और लाभ की कोई मंशा न हो।

## सेबी से क्लीन चिट मिलते ही अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयरों को खरीदने की होड

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
हिंडनबर्ग के मामले में सेबी से क्लीन चिट मिलने के बाद अडानी ग्रुप पर निवेशकों को भरोसा फिर से बढ़ने लगा। समूह की लिस्टिंग कंपनियों में हाल के समय में अच्छी रिकवरी देखने को मिली है। इस दौरान कई दिग्गज निवेशकों ने अपने पोर्टफोलियों में अडानी ग्रुप की कंपनियों को जोड़ा है। जीक्यूजी पार्टनर ने अपनी अडानी ग्रुप की कंपनियों में हिस्सेदारी बढ़ाई है। सितंबर 2025 की शेयरहोल्डिंग में यह बात सामने आई है। एसीसी लिमिटेड में जीक्यूजी लिमिटेड ने अपनी हिस्सेदारी 4.57 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.70 प्रतिशत कर दिया है। अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड में अब जीक्यूजी पार्टनर की कुल हिस्सेदारी 4.21 प्रतिशत हो गई है।

**उत्तर रेलवे**

ई-टेंडरिंग

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी-14/2025-26 दिनांक 17.10.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए **15.00 बजे** तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| |
|---|
| **निविदा संख्या :** 30-विद्युत-19/2025-26 (ओपन टेंडर) |
| **कार्य का नाम :** निरीक्षण गड्ढे का पुनर्निर्माण, आरडब्ल्यूपी के साथ घाटी नाली का प्रतिस्थापन और डीजल शेड अंबाला की अन्य मरम्मत, पटियाला माल शेड का उन्नयन जिसमें पहुंच मार्ग, चारदीवारी और नया गुड्स ऑफिस शामिल है, अबोहर स्टेशन पर कराची माल साइडिंग का उन्नयन और 4 नए डॉक्टर्स चैंबर, एक डार्क रूम और 03 केबिन प्रदान करके ओपीडी का विस्तार करके डिवीजनल रेलवे अस्पताल का उन्नयन और सीनियर एडीईएन/यूएमबी के तहत अन्य संबंधित कार्य |
| **लगभग लागत (रु.) :** रु. 49,54,489.59 |
| **बोली प्रतिभूति (रु.) :** रु. 99,100.00 |
| **पूर्ण होने की अवधि :** 03 महीने |
| **बंद करने और खोलने की तिथि :** 10.11.2025 |
| **निविदा संख्या :** 30-विद्युत-20/2025-26 (ओपन टेंडर) |
| **कार्य का नाम :** एसएसई/डब्ल्यू/ई/अंबाला खंड में पुरानी रेलवे कॉलोनी (चरण-II) में पार्क का विकास/उन्नयन संबंधित कार्य |
| **लगभग लागत (रु.) :** रु. 10,37,620.97 |
| **बोली प्रतिभूति (रु.) :** रु. 20,800.00 |
| **पूर्ण होने की अवधि :** 02 महीने |
| **बंद करने और खोलने की तिथि :** 10.11.2025 |

**1)** निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। **2)** आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के **15.00 बजे** से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। **3)** कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। **4)** विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। **5)** जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा। **3235/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# धनतेरस पर इन 6 अशुभ चीजों को खरीदेंगे तो दुर्भाग्य को ला बैठेंगे घर

**हिंदू पंचांग के अनुसार, धनतेरस का त्योहार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। धनतेरस का मतलब होता है धन और समृद्धि। धन का अर्थ है संपत्ति और तेरस का अर्थ है तेरहवीं तिथि। पौराणिक मान्यता है कि धनतेरस पर खरीदारी करने से घर में सुख-समृद्धि का वास होता है। इस दिन खरीदारी करने से धन और समृद्धि बढ़ती है लेकिन कुछ चीजें ऐसी भी जिन्हें धनतेरस पर खरीदना शुभ नहीं माना जाता।**

### धनतेरस पर लोहा न खरीदें

धनतेरस पर लोहा खरीदने से परहेज करना चाहिए। लोहे का सम्बध शनि और राहु से होता है, इसलिए धनतेरस पर लोहा खरीदने से आपको परहेज करना चाहिए। धनतेरस पर लोहा खरीदकर घर लाने से घर की सुख-शांति भंग होती है।

### धनतेरस पर कांच न खरीदें

कई लोग धनतेरस पर कांच का सजावट का सामान खरीदते हैं। इसके अलावा कांच के बर्तन, गुलदस्ता भी खरीदते हैं लेकिन वास्तु शास्त्र और ज्योतिष शास्त्र के अनुसार धनतेरस पर कांच खरीदने से रिश्तों में दरार आती है। साथ ही परिवार के बीच मनमुटाव भी बढ़ता है।

### न खरीदें उपयोग की वस्तुएं

कई लोग धनतेरस पर अपनी इस्तेमाल की गई चीजें बेच देते हैं। जैसे, सोफा, फ्रिज, अलमारी या टेबल या कोई अन्य उपयोग में न आने वाली चीजों की सेल भी लगती है लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार आपको धनतेरस पर पुरानी चीजें नहीं खरीदनी चाहिए। धनतेरस पर पुरानी चीजें खरीदने से गृहक्लेश बढ़ता है।

### धारदार सामान

धनतेरस पर धारदार सामान खरीदने से आपको परहेज करना चाहिए। धनतेरस पर धारदार सामान जैसे, चाकू, कैंची आदि खरीदने पर घर में किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। साथ ही इससे घर-परिवार के सदस्यों के बीच मतभेद भी बढ़ने लगते हैं।

### प्लास्टिक की चीजें

धनतेरस पर आपको प्लास्टिक की चीजें भी नहीं खरीदनी चाहिए। विशेषकर प्लास्टिक के बर्तन या सजावटी सामान धनतेरस पर खरीदने से परहेज करना चाहिए। धनतेरस पर प्लास्टिक खरीदने से जीवन में धन-धान्य की कमी हो जाती है।

### धनतेरस पर न खरीदें काली चीजें

धनतेरस पर काले रंग की चीजें खरीदने से भी बचना चाहिए। काले रंग पर शनिदेव का वास होता है इसलिए धनतेरस पर काले रंग की चीजें घर पर नहीं लानी चाहिए। इससे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



# धनतेरस से होगी पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत

पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस से हो रही है। इसके बाद रूप चतुर्दशी, नरक चतुर्दशी, दिवाली, गोवर्धन पूजा, भाईदूज पर इसका समापन होगा। इन त्योहारों में उत्सव तो मनाया ही जाएगा, पूजा पाठ, अनुष्ठान भी किए जाएंगे। दीपोत्सव की शुरुआत धनतेरस से ही होती है। इस दिन प्रदोष काल और स्थिर लग्न में मां लक्ष्मी, कुबेर और भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। मान्यता है कि शुभ मुहूर्त में ऐसा करने से घर में मां लक्ष्मी का घर पर आगमन होता है और पूजा पाठ से प्रसन्न होकर वो स्थायी रूप से रूक जाती हैं। इससे उनकी कृपा से घर में सुख समृद्धि आती है। मान्यता है कि इस दिन खरीदारी भी करना चाहिए, ऐसा करने से घर में संपत्ति 13 गुना बढ़ती है। इस साल धनतेरस 18 अक्टूबर को है, धनतेरस पूजा का मुहूर्त और धनतेरस खरीदारी का मुहूर्त -

### धनतेरस का शुभ मुहूर्त

18 अक्टूबर, शनिवार के दिन त्रयोदशी तिथि का आरंभ दोपहर में 12 बजकर 20 मिनट से होगा। वहीं, 19 अक्टूबर, रविवार को दोपहर के 1 बजकर 52 मिनट पर त्रयोदशी तिथि समाप्त होगी। शास्त्रों के अनुसार, जिस दिन प्रदोष काल में कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी तिथि लगती है। उसी दिन धनतेरस का त्योहार मनाने की परंपरा है। ऐसे में 18 अक्टूबर के दिन यह त्योहार मनाया जाएगा।

### धनतेरस खरीददारी का शुभ मुहूर्त

धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में खरीदारी करने से धन और समृद्धि आती है. इस दिन सोना, चांदी, पीतल के बर्तन खरीदना बेहद शुभ माना जाता है. साथ ही इस दिन लोग अन्य शुभ वस्तुएं खरीद सकते हैं.
इस दिन खरीदारी का पहला शुभ मुहूर्त सुबह 7 बजकर 49 मिनट से लेकर 9 बजकर 15 मिनट तक रहेगा. खरीदारी का दूसरा शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 32 मिनट से लेकर शाम 4 जबकर 23 मिनट तक रहेगा.

### मां लक्ष्मी के मंत्र

ऊँ धन्यायै नमः।
ऊँ हिरण्मय्यै नमः।
ऊँ लक्ष्म्यै नमः।
ऊँ कमलायै नमः।
ऊँ हरिवल्लभायै नमः।

### कुबेर मंत्र

ऊँ कुबेराय नमः।
ऊँ धनदाय नमः।
ऊँ श्रीमाते नमः।
ऊँ यक्षेशाय नमः।
ऊँ गुह्यकेश्वराय नमः।

### धन्वंतरि मंत्र

ऊँ धन्वन्तरये नमः॥

### धनतेरस पूजा विधि

- धनतेरस के दिन सुबह जल्दी उठें और स्नान ध्यान के बाद साफ वस्त्र पहनें, इसके बाद मंदिर की सफाई करें।
- सूर्य देव को जल अर्पित करें, सभी देवताओं का ध्यान करें।
- शाम को स्नान ध्यान के बाद प्रदोषकाल के शुभ मुहूर्त में चौकी पर मां लक्ष्मी, गणेश, भगवान धन्वंतरी और कुबेर जी की प्रतिमा को विराजमान करें।
- दीपक जलाकर चंदन का तिलक लगाएं, फल फूल, मिठाई अर्पित करें, धूप, दीप, अगरबत्ती जलाएं।
- इसके बाद सभी के मंत्रों का एक-एक माला जाप करें। कनकधारा स्तोत्र, धनवंतरी स्तोत्र, कुबेर की स्तुति पढ़ें और आरती गाएं।
- लक्ष्मी यंत्र घर लाएं हैं तो उसकी पूजा करें, बाद में श्रद्धा अनुसार दान करें।
- बाद में घर के बाहर यम दीप भी जलाएं, मान्यता है कि इससे घर के सदस्यों की अकाल मृत्यु नहीं होती है।

## धनतेरस की शाम न करें ये गलती

धनतेरस पर सुख-समृद्धि और धन की प्राप्ति के लिए विशेष रूप से माता लक्ष्मी और भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है। मान्यता है कि धनतेरस की शाम उन वस्तुओं को किसी को देने से बचें जो माता लक्ष्मी से जुड़ी हुई हैं। मान्यता है कि इन चीजों को किसी और को देने से घर की बरकत, सुख-शांति उसी के साथ चली जाती है। इसके कारण आपकी आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होती है। मान्यता है कि धनतेरस पर प्रदोषकाल में धन या पैसा, झाड़ू, प्याज-लहसुन, नमक और चीनी कीसी को नहीं देना चाहिए।

# धनतेरस पर किन चीजों का खरीदना होता है शुभ

धनतेरस का दिन खरीदारी के लिए बहुत शुभ माना गया है. इस दिन बहुत सी ऐसी चीजें हैं जिन्हें खरीदने और घर लाने से आपको सुख- सौभाग्य में वृद्धि होती है.
धनतेरस का पर्व 18 अक्टूबर के दिन मनाया जाएगा. कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धनतेरस का पर्व मनाया जाएगा. इस दिन को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है.
ऐसी मान्यता है भगवान धन्वंतरी सागर मंथन के समय अपने हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, धन्वरती भगवान को लक्ष्मी जी का भाई कहा जाता है, इनको पीले रंग की धातु अधिक प्रिय है. इसीलिए इस दिन सोना खरीदता जाता है.

### क्या खरीदना शुभ होता है?

- धनतेरस के दिन सोना -चांदी की खरीदारी करना शुभ माना जाता है.
- धनतेरस का पर्व पर झाड़ू खरीदना शुभ होता है.
- इस दिन नमक खरीदना शुभ होता है.
- इस दिन घर पर पान के 5 पत्ते लाना शुभ माना जाता है. पान के पत्ते लक्ष्मी - जी को चढ़ाए जाते हैं.
- धनतेरस के दिन धनिया खरीदना शुभ होता है. धनिया को खुशहाली का प्रतीक माना जाता है. इसीलिए धनतेरस के दिन इसे खरीदें.
- धनतेरस के दिन लक्ष्मी चरण घर में लाना बहुत शुभ माना जाता है, लक्ष्मी चरण इस दिन घर में लाना मां लक्ष्मी का आह्वान माना जाता है और इस दिन घर में मां लक्ष्मी के चरणों को घर में लाना उन्हें अपने घर में निमंत्रण देने के समान है.
- इस दिन दिवाली पूजन के लिए लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्ति आप खरीद सकते हैं. धनतेरस का दिन मूर्ति खरीदने के लिए शुभ माना गया है. इसीलिए धनतेरस पर लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति घर लाना शुभ होता है.
- धनतेरस के दिन इन सभी चीजों को अपने घर जरुर लाएं. इन सभी चीजों की खरीदारी करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और अपके घर में धन-धान्य की कमी नहीं होती.





# धनतेरस पर क्यों जलाते हैं 13 दीये?

**धनतेरस का पर्व 18 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार धनतेरस के दिन सायंकाल को 13 दीये जलाने की पौराणिक परंपरा है।**

मान्यतानुसार इस दिन 13 दीप कुबेर को समर्पित करना चाहिए, क्योंकि कुबेर संपदा, वैभव-ऐश्वर्य, धन-दौलत, संपत्ति के स्वामी माने गए हैं। इतना ही नहीं धनतेरस के दिन 13 दीप जलाकर भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती हैं, क्योंकि धन्वंतरि देवताओं के वैद्य माने जाते हैं अतः उनसे अच्छा स्वास्थ्य और सेहतमंद बनाए रखने के लिए प्रार्थना की जाती है। धार्मिक मान्यतानुसार धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार तथा आंगन में दीप जलाने की प्रथा है। जिस प्रकार मां लक्ष्मी सागर मंथन से उत्पन्न हुई थी, उसी प्रकार भगवान धन्वंतरि भी अमृत कलश के साथ समुद्र मंथन से उत्पन्न हुए हैं। देवी लक्ष्मी धन की देवी मानी जाती हैं। अतः उनकी कृपा प्राप्त करने के लिए और अच्छा स्वास्थ्य और लंबी आयु पाने के लिए दीपावली दो दिन पहले से ही यानी धनतेरस से ही दीपमालाएं सजने लगती हैं।
और यही कारण है कि धनेतरस के दिन सायंकाल घर-आंगन में 13 दीप जलाने से जीवन में खुशहाली आती है तथा स्वास्थ्य और सेहत की कामना के लिए इस दिन 13 दीप जलाने का विशेष महत्व है। दीपावली की तरह ही धनतेरस पर भी दीपदान करने का विशेष महत्व है। इस दिन सायंकाल पूजन के पश्चात घर में 13 दीपक जलाकर पहला दीया यम के नाम का दक्षिण दिशा में, मां लक्ष्मी के सामने यानी दूसरा दीया पूजन स्थान पर, मुख्य द्वार पर दो दीये, तुलसी के पौधे में एक दीया, छत की मुंडेर पर एक दीया और बाकी दीपक घर के अलग-अलग कोनों में रखें जाते हैं। इतना ही नहीं लोकमान्यता के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन घर में उपयोग में आने वाली वस्तुएं खरीदने से उसमें 13 गुणा वृद्धि होती है।



# नरक चतुर्दशी पर क्या करते हैं खास

नरक चतुर्दशी का पर्व धनतेरस के बाद मनाया जाता है। इसे रूप चौदस भी कहते हैं। इस दिन क्या-क्या कार्य करते हैं और कौनसा दीपक जलाने से होगा क्या लाभ इसके साथ ही एक खास जगह पर दीपक जरूर लगाएं। आओ जानते हैं इस पर्व की खास बातें।

- **स्नान** : इस दिन सूर्योदय से पूर्व उठकर उबटन लगाकर स्नान किया जाता है। मान्यता के अनुसार ऐसा करने से नरक के भय से मुक्ति मिलती है और रूप निखार होता है।
- **यमदेव को दीपदान** : इस दिन यमराज के लिए तेल का दीया घर के मुख्य द्वार से बाहर की ओर लगाया जाता है।
- **यहां दीपक जरूर जलाएं** : इस दिन शाम के समय सभी देवताओं की पूजन के बाद तेल के दीपक जलाकर घर की चौखट के दोनों ओर और घर के बाहर रख दें। ऐसा करने से लक्ष्मीजी का घर में निवास हो जाता है।
- **कूड़ा बाहर फेंकना** : इस दिन निशीथ काल (अर्धरात्रि का समय) में घर से बेकार के सामान फेंक देना चाहिए। इससे दरिद्रता का नाश हो जाता है।
- **14 दीपक** : चतुर्दशी की रात को तेल अथवा तिल के तेल के 14 दीपक अवश्य जलाएं, इससे समस्त पापों से मुक्ति मिलती है।
- **पीले वस्त्र** : चतुर्दशी के दिन नए पीले रंग के वस्त्र पहन कर यम का पूजन करें। इससे अकाल मृत्यु एवं नरक में जाने का भय नहीं रहता।
- **श्रीकृष्ण पूजा** : इस दिन भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करने से सौंदर्य की प्राप्ति होती है।




**धन तेरस पर भगवान धन्वंतरि की विशेष पूजा होती है। उन्हें आयुर्वेद का जन्मदाता और देवताओं का चिकित्सक माना जाता है। भगवान विष्णु के 24 अवतारों में 12वां अवतार धन्वंतरि का था। धन्वंतरि के जन्म के संबंध में हमें तीन कथाएं मिलती हैं**

# धन तेरस पर होती है भगवान धन्वंतरि की विशेष पूजा

### समुद्र मन्थन से उत्पन्न धन्वंतरि प्रथम

कहते हैं कि भगवान धन्वंतरि की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुए थी। वे समुद्र में से अमृत का कलश लेकर निकले थे जिसके लिए देवों और असुरों में संग्राम हुआ था। समुद्र मंथन की कथा श्रीमद्भागवत पुराण, महाभारत, विष्णु पुराण, अग्नि पुराण आदि पुराणों में मिलती है।

### धन्व के पुत्र धन्वंतरि द्वितीय

कहते हैं कि काशी के राजवंश में धन्व नाम के एक राजा ने उपासना करके अज्ज देव को प्रसन्न किया और उन्हें वरदान स्वरूप धन्वंतरि नामक पुत्र मिला। इसका उल्लेख ब्रह्म पुराण और विष्णु पुराण में मिलता है। यह समुद्र मंधन से उत्पन्न धन्वंतरि का दूसरा जन्म था। धन्व काशी नगरी के संस्थापक काश के पुत्र थे। काशी वंश परंपरा में हमें दो वंशपरंपरा मिलती है। हरिवंश पुराण के अनुसार काश से दीर्घतपा, दीर्घतपा से धन्व धन्वे से धन्वंतरि, धन्वंतरि से केतुमान, केतुमान से भीमरथ, भीमरथ से दिवोदास हुए जबकि विष्णु पुराण के अनुसार काश से काशेय, काशेय से राष्ट्र, राष्ट्र से दीर्घतपा, दीर्घतपा से धन्वंतरि, धन्वंतरि से केतुमान, केतुमान से भीमरथ और भीमरथ से दिवोदास हुए।

### वीरभद्रा के पुत्र धन्वंतरि तृतीय

गालव ऋषि जब प्यास से व्याकुल हो वन में भटकर रहे थे तो कहीं से घड़े में पानी लेकर जा रही वीरभद्रा नाम की एक कन्या ने उनकी प्यास बुझायी। इससे प्रसन्न होकर गालव ऋषि ने आशीर्वाद दिया कि तुम योग्य पुत्र की मां बनोगी। लेकिन जब वीरभद्रा ने कहा कि वे तो एक वेश्या है तो ऋषि उसे लेकर आश्रम गए और उन्होंने वहां कुश की पुष्पाकृति आदि बनाकर उसके गोद में रख दी और वेद मंत्रों से अभिमंत्रित कर प्रतिष्ठित कर दी वही धन्वंतरि कहलाए।
उपरोक्त में से प्रथम दो कथाएं ज्यादा मान्य है। प्रथम कथा के अनुसार देवता एवं दैत्यों के सम्मिलित प्रयास के शांत हो जाने पर समुद्र में स्वयं ही मंथन चल रहा था जिसके चलते भगवान धन्वंतरि हाथ में अमृत का स्वर्ण कलश लेकर प्रकट हुए। विद्वान कहते हैं कि इस दौरान दरअसल कई प्रकार की औषधियां उत्पन्न हुईं और उसके बाद अमृत निकला। हालांकि धन्वंतरि वैद्य को आयुर्वेद का जन्मदाता माना जाता है। उन्होंने विश्वभर की वनस्पतियों पर अध्ययन कर उसके अच्छे और बुरे प्रभाव-गुण को प्रकट किया। धन्वंतरि के हजारों ग्रंथों में से अब केवल धन्वंतरि संहिता ही पाई जाती है, जो आयुर्वेद का मूल ग्रंथ है। आयुर्वेद के आदि आचार्य सुश्रुत मुनि ने धन्वंतरिजी से ही इस शास्त्र का उपदेश प्राप्त किया था। बाद में चरक आदि ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया।
कहते हैं कि धन्वंतरि लगभग 7 हजार ईसापूर्व हुए थे। वे काशी के राजा महाराज धन्व के पुत्र थे। उन्होंने शल्य शास्त्र पर महत्वपूर्ण गवेषणाएं की थीं। उनके प्रपौत्र दिवोदास ने उन्हें परिमार्जित कर सुश्रुत आदि शिष्यों को उपदेश दिए। दिवोदास के काल में ही दशराज्ञ का युद्ध हुआ था। धन्वंतरि के जीवन का सबसे बड़ा वैज्ञानिक प्रयोग अमृत का है। उनके जीवन के साथ अमृत का स्वर्ण कलश जुड़ा है। अमृत निर्माण करने का प्रयोग धन्वंतरि ने स्वर्ण पात्र में ही बताया था।
उन्होंने कहा कि जरा-मृत्यु के विनाश के लिए ब्रह्मा आदि देवताओं ने सोम नामक अमृत का आविष्कार किया था। धन्वंतरि आदि आयुर्वेदाचार्यों अनुसार 100 प्रकार की मृत्यु है। उनमें एक ही काल मृत्यु है, शेष अकाल मृत्यु रोकने के प्रयास ही आयुर्वेद निदान और चिकित्सा हैं। आयु के न्यूनाधिक्य की एक-एक माप धन्वंतरि ने बताई है। 'धनतेरस' के दिन उनका जन्म हुआ था। धन्वंतरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। रामायण, महाभारत, सुश्रुत संहिता, चरक संहिता, काश्यप संहिता तथा अष्टांग हृदय, भाव प्रकाश, शार्गधर, श्रीमद्भावत पुराण आदि में उनका उल्लेख मिलता है। धन्वंतरि नाम से और भी कई आयुर्वेदाचार्य हुए हैं। आयु के पुत्र का नाम धन्वंतरि था।

# फीफा को लेकर फैंस में भारी क्रेज

## विश्व कप 2026 के 10 लाख से अधिक टिकट बिके, ये हैं शीर्ष 10 देश



**मियामी (एजेंसी)।** फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने इस महीने की शुरुआत में आधिकारिक तौर पर टिकट बिक्री शुरू होने के बाद से अपने पहले अपडेट में बताया कि अगले साल होने वाले विश्व कप के 10 लाख से अधिक टिकट बिक चुके हैं।

उम्मीद के मुताबिक सबसे अधिक मांग अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको के खरीदारों की ओर से रही। ये तीन देश इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेंगे। फीफा ने कहा कि 212 अलग-अलग देशों और क्षेत्रों के लोग पहले ही टिकट खरीद चुके हैं जबकि अभी टूर्नामेंट के लिए 48 में से केवल 28 ही टीम तय हुई हैं।

फीफा ने कहा कि टिकट खरीदने के मामले में शीर्ष 10 देश में इंग्लैंड, जर्मनी, ब्राजील, स्पेन, कोलंबिया, अर्जेंटीना और फ्रांस भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट 11 जून से 19 जुलाई तक चलेगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने विज्ञप्ति में कहा, 'दुनिया भर की राष्ट्रीय टीमें ऐतिहासिक फीफा विश्व कप 2026 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं और मुझे खुशी है कि इतने सारे फुटबॉल प्रेमी भी उत्तरी अमेरिका में इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक अविश्वसनीय प्रतिक्रिया है और एक अद्भुत संकेत है कि इतिहास का सबसे बड़ा, सबसे समावेशी फीफा विश्व कप दुनिया भर के समर्थकों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। फीफा ने यह भी घोषणा की कि उसकी 'रीसेल' साइट खुल गई है और न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड में विश्व कप फाइनल के टिकट बृहस्पतिवार दोपहर तक 9,538 डॉलर से लेकर 57,500 डॉलर प्रति सीट की कीमत पर उपलब्ध थे।

# भारत-पाकिस्तान विमेंस वर्ल्ड कप मैच ने तोड़ा व्यूअरशिप रिकॉर्ड



**2.84 करोड़ दर्शक, 187 करोड़ मिनट का वॉचटाइम; विमेंस इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच विमेंस वर्ल्ड कप 2025 में खेले गए मुकाबले ने व्यूअरशिप का नया रिकॉर्ड बना दिया। आईसीसी के मुताबिक 5 अक्टूबर को कोलंबो में खेले गए उस मैच को 2.84 करोड़ दर्शकों ने मिलकर 187 करोड़ मिनट तक देखा। यह मैच अब तक का सबसे ज्यादा देखा गया विमेंस इंटरनेशनल मुकाबला बन गया। आईसीसी ने कहा, दर्शकों की संख्या के लिहाज से यह मैच सबसे शानदार था, लेकिन इसके अलावा भी वर्ल्ड कप के लीग-स्टेज के पहले हाफ में डिजिटल-टीवी प्लेटफॉर्म पर रिकॉर्ड तोड़ संख्या देखने को मिली। कोलंबो में खेले गए मैच में भारत ने पाकिस्तान को 88 रन से हराया था।

### पहले 11 मैचों को टीवी पर 7.2 करोड़ दर्शकों ने देखा

भारत-पाकिस्तान मुकाबला विमेंस वर्ल्ड कप कप इतिहास में लीग स्टेज पर टीवी व्यूअरशिप के मामले में भी सबसे ऊपर रहा। श्रीलंका, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के मैचों सहित पहले 11 मैचों को कुल मिलाकर 7.2 करोड़ दर्शकों ने देखा। यह 2022 वर्ल्ड कप की तुलना में 166त्न की वृद्धि है। इन मैचों को टोटल 630 करोड़ मिनट का वॉचटाइम मिला।

### पहले 13 मैच को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 6 करोड़ व्यूअर्स मिले

आईसीसी और जियोहॉटस्टार की तरफ से जारी डेटा के अनुसार, टूर्नामेंट के पहले 13 मैच को 6 करोड़ व्यूअर्स मिल चुके हैं। यह 2022 एडिशन की तुलना में पांच गुना की वृद्धि है। पहले 13 मैच के दौरान कुल 700 करोड़ मिनट देखे गए। यह पिछले टूर्नामेंट की तुलना में 12 गुना ज्यादा है। आईसीसी ने बताया, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 12 अक्टूबर को खेले गए मुकाबले को जियोहॉटस्टार पर एक समय पर एक साथ 48 लाख लोग देख रहे थे। यह भी विमेंस क्रिकेट में एक नया रिकॉर्ड है।

# एशिया कप से बीसीसीआई को करीब 100 करोड़ का फायदा

## ● बोर्ड को इस साल 6700 करोड़ कमाई की उम्मीद

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप जीतने के बाद भारत को भले ही ट्रॉफी नहीं मिली हो, लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को इससे करीब 100 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। यह दावा टीओआई ने एक रिपोर्ट में किया है। भारत ने 28 सितंबर को खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था। भारतीय टीम ने मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था।नाराज नकवी ट्रॉफी और मेडल्स अपने साथ ले लेकर चले गए। ऐसे में भारतीय टीम को बिना ट्रॉफी और मेडल के लौटना पड़ा था। भारत ने यह स्टैंड पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लिया था।



**बीसीसीआई की फाइनेंशियल रिपोर्ट** - बीसीसीआई को एशिया कप के कारण इंटरनेशनल टूर के मद में 109.44 करोड़ा का फायदा होगा। इनमें एशिया कप की होस्ट फीस के अलावा, टी-20 वर्ल्ड कप की पार्टिसिपेशन फीस से इंटरनेशनल टूर के फायदों बीसीसीआई को 2025-26 के फाइनेंशियल ईयर में 6700 करोड़ रुपए के फायदे की उम्मीद है। जोकि 2017-18 में मिले 666 करोड़ रुपए से 10 गुना ज्यादा है।इंडियन प्रीमियर लीग के वैल्यूएशन में लगातार दूसरे साल गिरावट आई है। जोकि करीब 16000 करोड़ रुपए है।

**महिलाओं के घरेलू क्रिकेट पर पुरुषों की तुलना में 3.5 गुना कम खर्च** - बीसीसीआई के खर्चों की बात करें तो बोर्ड इस साल महिलाओं के डोमेस्टिक क्रिकेट में करीब 96 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। जोकि विमेंस प्रीमियर लीग से हुए फायदे का 26 प्रतिशत है। बोर्ड को पिछले सीजन में डब्ल्यूपीएल से करीब 350 करोड़ रुपए का फायदा हुआ था। भारतीय बोर्ड पुरुषों के घरेलू क्रिकेट में करीब 344 करोड़ रुपए खर्च करने जा रहा है। 111 करोड़ रुपए तो अकेले आईपीएल में खर्च किए जा रहे हैं। महिला क्रिकेट में रणजी के जैसा कोई घरेलू टूर्नामेंट भी नहीं है।

# ऑस्ट्रेलियन ऑलराउंडर ग्रीन भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

## ● लाबुशेन को टीम में शामिल किया गया, पहला वनडे 19 अक्टूबर को पर्थ में



**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियन ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन पीठ दर्द के कारण भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मार्नस लाबुशेन को टीम में शामिल किया गया है। टीम इंडिया फिलहाल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है, जहां उसे तीन वनडे और पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला वनडे 19 अक्टूबर को पर्थ में खेला जाएगा।

**शेफील्ड शील्ड में खेल सकते हैं ग्रीन** - क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया, स्टार ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे। उनको चोट लगी है जो लो-ग्रेड है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया उनको लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहता है क्योंकि उसके लिए एशेज सीरीज ज्यादा अहम है। इसलिए एहतियात के तौर पर ग्रीन को बाहर किया गया है ताकि वह एशेज के लिए तैयार रहें। हालांकि, वह 28 सितंबर से शेफील्ड शील्ड में खेलेंगे। सीए ने अपने बयान में कहा, ग्रीन कम समय के लिए रिहैब करेंगे और फिर उनकी प्रोगेस को शेफील्ड शील्ड के तीसरे राउंड में परखा जाएगा।

**महिला विश्व कप**

# होल्कर स्टेडियम में रविवार को होने वाले मैच से पहले बोली इंग्लैंड की कप्तान

## स्मृति मंधाना को रोकना आसान नहीं

**इंदौर (एजेंसी)।** इंदौर के होल्कर स्टेडियम में रविवार को होने वाले महिला वनडे विश्व कप के अहम मुकाबले से पहले इंग्लैंड टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता का नाम है स्मृति मंधाना। भारतीय उप-कप्तान हाल ही में अपनी शानदार फॉर्म में लौटी हैं और विपक्षी कप्तान हीथर नाइट मानती हैं कि उन्हें बल्ले से शांत रखना इंग्लैंड के लिए सबसे मुश्किल काम होगा।



स्मृति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापत्तनम में 80 रनों की दमदार पारी खेली थी, भले ही वह मैच भारत हार गया हो। लेकिन इस प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया कि बाएं हाथ की यह स्टार बल्लेबाज एक बार फिर अपने रंग में लौट आई हैं। टीम इंडिया चाहेगी कि मंधाना और हरमनप्रीत कौर इंग्लैंड के खिलाफ रन बरसाएं और टीम को जीत की राह दिखाएं।

**वो अब भी वही पुरानी स्मृति है** - इंग्लैंड की अनुभवी बल्लेबाज और कप्तान हीथर नाइट ने कहा, जब मैंने पहली बार उसके खिलाफ खेला था, तब से लेकर अब तक उसमें बहुत कुछ वैसा ही है। वह अब भी वही पुरानी स्मृति है- शांत, आत्मविश्वासी और बेहद खतरनाक। बल्ले से उसे रोकना आसान नहीं होगा, और यही हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। नाइट ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि हरमन का जुनून और ऊर्जा भारत को एक खतरनाक टीम बनाते हैं। उन्होंने कहा, हरमन और स्मृति दोनों बिल्कुल अलग हैं- एक जहां शांत और स्थिर है, वहीं दूसरी आग और जोश से भरी हुई।

# पोर्टर कांचा शेरपा ने पहली बार एवरेस्ट फतह किया था, 92 वर्ष की उम्र में निधन



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** माउंट एवरेस्ट पर सर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे की 1953 की पहली सफल चढ़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पर्वतारोही और पोर्टर कांचा शेरपा का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। नेपाल पर्वतारोहण संघ ने पुष्टि की है कि कपन (काठमांडू) स्थित उनके आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। कांचा शेरपा उस ऐतिहासिक अभियान दल के अंतिम जीवित सदस्य थे। उनका निधन पर्वतारोहण के एक युग के अंत को चिह्नित करता है जहां सैकड़ों गुमनाम नायकों ने एवरेस्ट फतह को संभव बनाया था।

**इतिहास के सफर का हिस्सा** - कांचा शेरपा का जन्म 1933 में नेपाल के नामचे गांव में हुआ था। वह अक्सर मज़ाक में कहते थे कि उन्हें अपनी सही जन्मतिथि भी याद नहीं है क्योंकि उस दौर में गांवों में जन्म का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं रखा जाता था। युवावस्था में अपने परिवार का पेट पालने के लिए काम की तलाश में उन्हें पांच दिनों तक पैदल चलकर भारत के दार्जिलिंग पहुंचना पड़ा था। इसी तलाश ने उन्हें पर्वतारोहण की दुनिया में ला दिया। हिलेरी और नोर्गे के ऐतिहासिक अभियान में कुल 35 पर्वतारोही और सैकड़ों कुली शामिल थे। कांचा शेरपा ने इस विशाल टीम में एक पोर्टर और गाइड के रूप में काम किया।

# सीए की दुल्हन बनेंगी पूर्व इंडियन हॉकी कैप्टन रानी रामपाल

## कुरुक्षेत्र में होगी ग्रैंड शादी, कोच करेंगे कन्यादान; पीएम-सीएम से लेकर बॉलीवुड तक को न्योता

**कुरुक्षेत्र (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रहीं रामपाल चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की रानी बनेंगी। पद्मश्री रानी रामपाल अगले महीने 2 नवंबर को कुरुक्षेत्र के सीए पंकज के साथ शादी के बंधन में बधेंगी। वे कुरुक्षेत्र में हिंदू रीति-रिवाज से अरेंज मैरिज करेंगी। शादी की सभी रस्में रानी रामपाल के कोच रहे बलदेव सिंह निभाएंगे। शाहाबाद के मॉडल टाउन की रहने वालीं रानी रामपाल के घर शादी की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि, परिवार के लिए थोड़ी-सी चिंता की लकीर भी है। रानी के पिता रामपाल कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। रानी रामपाल का परिवार, समर्थक, रिश्तेदार और फेन्स उनके पिता के स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

**सीएम से लेकर पीएम तक को भेजा न्योता** - एसजीएनपी स्टेडियम के कोच गुरप्रीत सिंह ने बताया कि रानी रामपाल की पिपली के पाल प्लाजा में ग्रैंड शादी होगी।



इस शादी में खिलाड़ी, राजनेता से लेकर बॉलीवुड तक के कलाकारों को न्योता दिया जा रहा है। इस शादी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हरियाणा के सीएम नायब सैनी भी शामिल हो सकते हैं। परिवार की ओर से उनको निमंत्रण दिया गया है। 2 महीने पहले हुई इंगेजमेंट- करीब 2 महीने पहले रानी रामपाल ने कुरुक्षेत्र के पंकज के साथ इंगेजमेंट की। यह इंगेजमेंट बिल्कुल गुपचुप तरीके से कुरुक्षेत्र में संपन्न हुई। इसमें दोनों परिवार के अलावा कोच बलदेव सिंह भी शामिल हुए थे। सगाई की एक फोटो में रानी के साथ उनके मंगेतर पंकज और कोच बलदेव सिंह नजर आ रहे है।

### नाओमी ओसाका के लगी चोट, जापान ओपन के [ ार्टर फाइनल से हटीं



**ओसाका (एजेंसी)।** नाओमी ओसाका बाएं पैर में चोट के कारण जापान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से हट गईं। मैच से पहले ओसाका के हटने से जैकलिन क्रिस्टियन को वाकओवर मिला और वह सेमीफाइनल में पहुंच गईं। डब्ल्यूटीए टूर ने यह जानकारी दी। टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा कि शीर्ष वरीय ओसाका दूसरे दौर के मैच के दौरान लगी चोट से नहीं उबर पाईं। क्रिस्टियन ने इस साल तीसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। चोट के कारण बाहर होने से पहले ओसाका ने वकाना सोनोबे और 2024 की चैंपियन सुजेन लेमेन्स को हराया। जापान ओपन के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता लेला फर्नांडिज ने रेबेका रैमकोव को 7-6, 6-3 से शिकस्त दी।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की 20वीं टीम बनी यूएई

## ● क्वालिफायर में जापान को 8 विकेट से हराया; नेपाल-ओमान ने भी क्वालिफाई किया



**अल अमीरात (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की 20वीं टीम यूएई बन गई है। टीम ने गुरुवार को ईस्ट एशिया पैसिफिक क्वालिफायर में जापान को 8 विकेट से हरा दिया। ओमान के अल अमीरात स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी जापान की टीम 9 विकेट खोकर 116 रन ही बना सकी। यूएई ने 12.1 ओवर में 2 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

**विकेटकीपर वतारु मियाऊची ने 45 रन बनाए** -अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड पर यूएई ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। जापान की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 58 रन पर 8 विकेट गंवा दिए। कप्तान केंडेल काडोवाकी-फ्लेमिंग 4, अभिषेक आनंद 10, बेंजामिन इतो-डाविस 4, चार्ल्स हिंजे 2, डेकलान सुजुकी-मैकॉम्ब 6, इब्राहिम ताकाहाशी 2 और शोमा स्लैटर 2 ही रन बनाकर आउट हो गए।

# ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक बल्लेबाज को उम्मीद, रोहित और कोहली 2027 एकदिवसीय विश्व कप में खेलेंगे

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को उम्मीद है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा की सीमित ओवरों की महान जोड़ी 2027 में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप तक खेलती रहेगी। रोहित और कोहली के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं और रविवार से शुरू हो रही एकदिवसीय श्रृंखला में सभी की निगाहें इन दोनों स्टार भारतीय बल्लेबाजों पर टिकी होंगी।

भारतीय स्पिनर अक्षर पटेल के साथ मीडिया से बात करते हुए हेड ने कहा कि वह रोहित और कोहली को दो साल बाद होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में खेलते हुए देखना चाहेंगे, हालांकि आगामी श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया में उनकी आखिरी श्रृंखला होने की उम्मीद है। हेड ने कहा, 'दो स्तरीय खिलाड़ी, सफेद गेंद के दो बेहतरीन खिलाड़ी। शायद विराट सफेद गेंद का सबसे



महान खिलाड़ी है। रोहित भी शायद बहुत पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो इसी प्रारूप में पारी का आगाज करता है, रोहित और उनके प्रदर्शन का बहुत सम्मान करता हूं। मुझे यकीन है कि किसी ना किसी मोड़ पर उन्हें उनकी कमी खलेगी लेकिन मुझे लगता है कि वे दोनों 37 साल के हो जाएंगे, है ना? भारत और ऑस्ट्रेलिया विभिन्न प्रारूपों में अक्सर एक-दूसरे के खिलाफ खेलते हैं और आईपीएल की वजह से दोनों टीम के खिलाड़ी एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। हालांकि हेड को रोहित से बल्लेबाजी के बारे में बात करने का कभी मौका नहीं मिला और वह निकट भविष्य में ऐसा करने की उम्मीद करते हैं।

हेड ने कहा, 'मुझे लगता है कि दूर से देखना अच्छा लगता है क्योंकि मैं भी इसी तरह खेल खेलता हूं। आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके खिलाफ काफी खेलने के बाद मुझे लगता है कि वह चीजों को सही तरीके से करते हैं और खेल को सही तरीके से खेलते हैं।

### रोहित और विराट ने पर्थ में नेट्स पर किया अभ्यास

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने शुक्रवार को पर्थ स्टेडियम में नेट्स पर अभ्यास किया और रविवार 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही बहुप्रतीक्षित तीन मैचों की वनडे सीरीज की तैयारी की। दोनों सीनियर खिलाड़ी अच्छी लय में दिखे और उन्होंने एक गहन प्रशिक्षण सत्र के दौरान मैदान पर काफी समय बिताया। रोहित अपने विशिष्ट पुल और फ्लिक शॉट्स को निखारते हुए देखे गए जबकि कोहली ने अपने कवर ड्राइव और स्ट्रेट स्ट्रोक्स पर ध्यान केंद्रित किया और टाइमिंग और प्लेसमेंट पर बारीकी से काम किया। इस जीवंत माहौल में और इजाफा करते हुए रोहित और कोहली को अभ्यास के दौरान हंसते हुए देखा गया, यह एक ऐसा पल था जो भारतीय खेमे के भीतर सौहार्द और सकारात्मक भावना को दर्शाता है। आगामी सीरीज 7 महीने से अधिक समय के बाद इस प्रतिष्ठित जोड़ी की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का प्रतीक है। दोनों ने आखिरी बार मार्च में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीत में हिस्सा लिया था, इससे पहले उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी।

## न्यूज डायरी

# प्रदेश में जिला स्तरीय कार्यक्रमों में मंत्रियों ने की बतौर मुख्यअतिथि शिरकत

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज जन विश्वास-जन विकास के नाम के समारोह का आयोजन किया गया। इन जिला जिला स्तरीय समारोह में प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस दौरान लाभार्थियों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत ड्रा के माध्यम से निकले प्लाटों का आबंटन किया

### राज्य सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष रहा बेमिसाल - अनिल विज

हरियाणा के ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज ने अम्बाला में कहा कि प्रदेश सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल बेमिसाल रहा है और इस अवधि में कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई हैं। इन योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। प्रदेश सरकार के अथक प्रयास से विभिन्न योजनाओं के पैसे सीधे लाभपात्रों के खातों में पूरे पहुंच रहे हैं।

### दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना से महिलाएं होंगी आर्थिक रूप से सशक्त - कृष्ण लाल पंवार

हरियाणा के विकास एंव पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने पानीपत में कहा कि प्रदेश सरकार की दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 2100 मासिक वित्तीय सहायता देने की योजना का शुभांरभ किया गया है। जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होंगी। इसी तरह से महिलाओं की सुविधा के लिए 'हर घर-हर गृहणी योजना' में बीपीएल परिवारों को 500 में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है।

### जनकल्याण, पारदर्शिता और तीव्र विकास की दिशा में प्रदेश सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष - राव नरबीर सिंह

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने गुरूग्राम में कहा कि हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष प्रदेश के इतिहास में जनकल्याण, पारदर्शिता और तीव्र विकास की दिशा में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुआ है। पिछले एक वर्ष में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने विकास, सुशासन और सेवा के सिद्धांतों को धरातल पर उतारते हुए हरियाणा को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। हरियाणा प्रदेश आने वाले वर्षों में "विकसित भारत" निर्माण की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा।

### प्रदेश सरकार की गरीब व किसान का कल्याण करने की है प्राथमिकता-शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा

हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने सोनीपत में कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में हरियाणा तीन गुणा रफ्तार से तरक्की की ओर अग्रसर है। हम सभी का सकंल्प है कि 2047 तक विकसित हरियाणा बनाने का लक्ष्य को साकार करना है। हम सभी प्रदेशवासियों को देश की तरक्की में अपना योगदान निभाना है। संकल्प पत्र के 217 सकंल्प में से एक वर्ष तक मौजूदा सरकार ने 46 संकल्प पूरे कर लिए हैं। प्रदेश सरकार की गरीब व किसान का कल्याण करने की प्राथमिकता है।

### प्रदेश सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण व अंत्योदय की दिशा में कर रही है निरंतर कार्य - डॉ. अरविंद शर्मा

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने रोहतक में कहा कि प्रदेश सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं अंत्योदय की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है। किसानों की धान की फसल का दाना-दाना सरकार द्वारा खरीदा जा रहा है और फसल का भुगतान सीधा किसानों के खातों में निर्धारित समय में किया जा रहा है।

## ग्राहकों के लिए बड़ी राहत, इंडिया पोस्ट चंडीगढ़ डिवीजन ने डाकघरों का समय बढ़ाया

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** भारतीय डाक (इंडिया पोस्ट) के चंडीगढ़ डिवीजन आगामी समय में ग्राहक सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए 12 चयनित डाकघरों में कारोबारी घंटों का विस्तार करने जा रहा है। इन डाकघरों में देर रात तक काउंटर पर सभी प्रकार के जवाबदेह लेखों की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। पहले ये डाकघर केवल शाम 4 बजे तक सेवाएं प्रदान करते थे। भविष्य में, खरड़ डाकघर, चंडीगढ़ के सेक्टर-19, सेक्टर-22, सेक्टर-30 डाकघर और एसएएस नगर के सेक्टर-55, सेक्टर-59, सेक्टर-71 डाकघर शाम 5 बजे तक खुले रहेंगे, जबकि मोरिंडा, मुल्लांपुर, इंडस्ट्रियल एरिया, चंडीगढ़ , सेक्टर-12, चंडीगढ़ और मनीमाजरा डाकघर शाम 4:30 बजे तक सेवाएं प्रदान करेंगे।

इस पहल से स्थानीय लोग, औद्योगिक इकाइयां, दुकानदार और छोटे उद्यमी इंडिया पोस्ट के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए अपने पार्सल देर रात तक भेज सकेंगे। इसके अतिरिक्त, चंडीगढ़ डिवीजन के मुख्य डाकघरों में रात के काउंटर भी उपलब्ध रहेंगे। चंडीगढ़ जीपीओ सोमवार से शनिवार रात 8 बजे तक खुला रहेगा और रविवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक सभी प्रकार के लेखों की बुकिंग की सुविधा प्रदान करेगा। वहीं, रोपड़ मुख्य डाकघर सोमवार से शनिवार रात 7 बजे तक सेवाएं देगा।

चंडीगढ़ डाक डिवीजन भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाओं और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कदम उठाता रहेगा, ताकि जनता को परेशानी मुक्त डाक, बैंकिंग और बीमा सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान, चंडीगढ़ में व्यवसाय प्रबंधन में डीजीआर-प्रायोजित सर्टिफिकेट कोर्स का समापन समारोह किया आयोजित

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** क्षेत्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान, चंडीगढ़ में आज दिनाक 17 अक्टूबर 2025 को रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के निदेशालय जनरल ऑफ रिसेटलमेंट (DGR) द्वारा प्रायोजित 24 सप्ताह के व्यवसाय प्रबंधन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का समापन एवं दीक्षांत समारोह बड़े उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। यह पाठ्यक्रम भारतीय थल सेना, नौसेना एवं वायु सेना के 19 अधिकारियों के लिए 05 मई 2025 से 17 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर सुधीर मलिक, ए.डी.जी., निदेशालय जोन वेस्ट, चंडीमंदिर रहे। उनका स्वागत संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम संस्थान परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के अंतर्गत एक पौधा रोपित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस पाठ्यक्रम ने उन्हें व्यवसाय प्रबंधन, वित्तीय योजना, विपणन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन तथा सहकारी संस्थागत ढाँचे की गहन समझ प्रदान की है। यह प्रशिक्षण उन्हें सैन्य सेवा के पश्चात् नागरिक जीवन में उद्यमिता, व्यवसायिक प्रबंधन, सहकारी क्षेत्र में नेतृत्व एवं कॉर्पोरेट क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करता है।

मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर सुधीर मलिक ने अपने संबोधन में कहा कि DGR का प्रमुख उद्देश्य देश के पूर्व सैनिकों को नवीन जीवन कौशल एवं प्रबंधकीय दक्षता प्रदान करना है, ताकि वे सेवानिवृत्ति के पश्चात् भी राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। DGR समय-समय पर देश के विभिन्न प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों के सहयोग से ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, जिससे पूर्व सैनिक उद्यम स्थापित कर सकें, सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें तथा निजी क्षेत्र में भी बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें।

# सुधारों की डगर पर हरियाणा
## विनियामक बोझ घटा, सुविधा बढ़ी

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पारदर्शी और निवेशक-अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, हरियाणा ने अपने महत्वाकांक्षी अनुपालन में कमी और विनियमन सुधार (डीरेगुलेशन) कार्यक्रम में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है।



मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आज यहां हुई एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में राज्य की सुधार पहलों की समीक्षा की गई। इन पहलों का उद्देश्य हरियाणा को देश का सबसे कारोबार-अनुकूल राज्य बनाना है।

बैठक में बताया गया कि 5 सुधार बिंदु पूर्ण रूप से लागू किए जा चुके हैं, 14 सुधार बिंदुओं पर कार्य प्रगति पर है और 3 केंद्र सरकार के विचाराधीन हैं। यह उपलब्धि नियामक बोझ कम करने और विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को प्रोत्साहित करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने कहा कि डीरेगुलेशन का उद्देश्य केवल कागजी कार्रवाई कम करना नहीं, बल्कि सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास को सुदृढ़ करना है। हरियाणा को अनुपालन दक्षता, व्यवसाय सुविधा और सार्वजनिक पारदर्शिता में राष्ट्रीय मानक स्थापित करने होंगे।

नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) प्रक्रिया में ऐतिहासिक बदलाव करते हुए दस्तावेज़ों की संख्या घटाकर केवल तीन कर दी है। इनमें स्वामित्व प्रमाण, परियोजना रिपोर्ट और क्षतिपूर्ति बांड शामिल हैं। निर्दिष्ट औद्योगिक क्षेत्रों के लिए तत्काल सीएलयू अनुमतियाँ शुरू की गई हैं, जबकि एमएसएमई इकाइयों को सरलीकृत अनुमोदन मानदंडों का लाभ दिया गया है। ये सुधार डीरेगुलेशन पोर्टल पर उपलब्ध हैं।

भवन निर्माण नियमों को अधिक व्यावहारिक और लचीला बनाया गया है। अब सुरक्षा मानदंड पूरे करने पर पूरे ज़ोन एरिया में ग्राउंड कवरेज की अनुमति दी गई है। ऑक्यूपेशन और कम्प्लीशन सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों की संख्या घटाकर तीन कर दी गई है। साथ ही, स्व-प्रमाणन का दायरा बढ़ाकर उच्च जोखिम वाले भवनों को भी शामिल किया गया है, जिसे 31 अक्टूबर, 2025 तक लागू कर दिया जाएगा।

महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के मकसद से श्रम विभाग ने पहले 'खतरनाक' श्रेणी में वर्गीकृत उद्योगों में महिलाओं के कार्य करने पर लगी रोक हटा दी है। अब उपयुक्त सुरक्षा उपायों के साथ महिलाओं को रात के समय कार्य की अनुमति दी गई है।

दुकान एवं प्रतिष्ठान अधिनियम के तहत अनुपालन की सीमा बढ़ाकर 20 श्रमिकों तक कर दी गई है, जिससे छोटे व्यवसायों पर बोझ में कमी आई है।

दुकान पंजीकरण की समयसीमा 15 दिनों से घटाकर केवल 1 दिन कर दी गई है।

कार्य घंटों की सीमा को भी युक्तिसंगत बनाते हुए अब 10 घंटे प्रतिदिन, 48 घंटे साप्ताहिक और 144 घंटे प्रति तिमाही ओवरटाइम की अनुमति दी गई है। अब तक 11 कारखानों को ऑनलाइन छूट दी जा चुकी है।

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सहमति प्रक्रिया की समय-सीमा 30 कार्यदिवसों से घटाकर 21 कार्यदिवस कर दी है। कम जोखिम वाले उद्योगों के लिए स्वतः नवीनीकरण और स्व-प्रमाणन प्रणाली लागू की गई है। हरित श्रेणी की इकाइयों के लिए थर्ड पार्टी प्रमाणन प्रणाली विकसित की जा रही है।

अब तक 712 गैर-प्रदूषणकारी उद्योग क्षेत्रों को श्वेत श्रेणी में पुनःवर्गीकृत किया गया है, जिन्हें प्रदूषण नियंत्रण की सहमति आवश्यकताओं से छूट प्रदान की गई है। अग्नि सुरक्षा एनओसी की वैधता बढ़ाकर अब कम जोखिम वाले प्रतिष्ठानों के लिए 5 वर्ष तथा उच्च जोखिम वाले प्रतिष्ठानों के लिए 3 वर्ष कर दी गई है। थर्ड पार्टी निरीक्षण व्यवस्था 15 नवंबर, 2025 तक लागू कर दी जाएगी। इन्वेस्ट हरियाणा पोर्टल के माध्यम से भूजल अनुमति सहित बिजली और पानी कनेक्शन की स्वीकृतियों की समय-सीमा 90 दिन से घटाकर 45 दिन कर दी गई है। हरियाणा ने 12 अक्टूबर, 2025 को राज्य स्तर पर जन विश्वास अध्यादेश लागू करके ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इसके तहत 17 विभागों के 42 अधिनियमों की 164 धाराओं को अपराध-मुक्त किया गया है। यह किसी भी राज्य द्वारा किया गया सबसे व्यापक सुधार है। यह ऐतिहासिक कदम न सिर्फ आपराधिक दंड को कम करता है बल्कि अभियोजन के बजाय सुविधा के माध्यम से अनुपालन को बढ़ावा देता है। राज्य की सभी सेवाओं को स्टेट सिंगल विंडो सिस्टम में एकीकृत किया जा रहा है, जिसे नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम से जोड़ा गया है। नए डैशबोर्ड के माध्यम से वास्तविक समय में पारदर्शिता और निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।कम एवं मध्यम जोखिम वाले उद्योगों के लिए थर्ड पार्टी निरीक्षण प्रणाली लागू की गई है, जिससे गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करते हुए सरकारी हस्तक्षेप घटेगा।

## राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने 'एक दिया देश के नाम' अभियान के तहत 50 छात्राओं को कश्मीर के लिए किया रवाना



हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के माननीय राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने आज 'एक दिया देश के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की 50 छात्राओं को राजभवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर कश्मीर के लिए रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती मित्रा घोष एवं राज्यपाल के सचिव श्री डी.के. बेहेरा भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम मीडिया छात्र एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की देश सेवा की भावना से प्रेरित यह यात्रा हरियाणा की छात्राओं द्वारा सीमाओं पर तैनात सैनिकों के साथ दीपावली का पर्व मनाने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आज हम अपने घरों में सुरक्षित रहकर खुशियाँ मना रहे हैं, तो इसका श्रेय हमारे उन वीर सैनिकों को जाता है जो सीमाओं पर देश की रक्षा में दिन-रात तत्पर रहते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियाँ इस कार्यक्रम के माध्यम से देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल पेश कर रही हैं। हरियाणा की धरती सदा से शौर्य, पराक्रम और देशभक्ति के लिए जानी जाती रही है, और यह पहल उसी गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है।

राज्यपाल ने छात्राओं के उत्साह, समर्पण और देश सेवा की भावना की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा की बेटियाँ आज शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और सामाजिक कार्यों जैसे हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें हरियाणा की बेटियों पर गर्व है।

भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस और कर्त्तव्यनिष्ठा को रेखांकित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि हमारे वीर जवानों ने जब भी देश पर संकट आया, दुश्मनों से डटकर मुकाबला किया और उन्हें पराजित किया — चाहे 1948, 1965, 1971 की लड़ाई हो या कारगिल युद्ध। भारतीय सेना ने सदैव देश का नाम रोशन किया है।

इस अवसर पर राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कार्यक्रम से जुड़ी छात्राओं, सहयोगी टीम और अभिभावकों को सम्मानित किया।

## एमसीएम में जेंडर इनक्लूसिविटी पर व्याख्यान का आयोजन



हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय की एंटी-डिस्क्रिमिनेशन सेल ने एनएसएस इकाइयों और गीतांजलि काउंसलिंग के सहयोग से 'जेंडर इनक्लूसिविटी' पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। यह सत्र सामाजिक कल्याण विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य समाज में मौजूद लैंगिक पहचान से जुड़े रूढ़ियों को दूर करना, जागरूकता बढ़ाना तथा विविध लैंगिक पहचानों के प्रति समझ और स्वीकृति को प्रोत्साहित करना था।

सत्र में मुख्य वक्ता ट्रांसजेंडर प्रोटेक्शन सेल, सामाजिक कल्याण विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से काउंसलर श्री अमित थे। अपने ज्ञानवर्धक व्याख्यान में उन्होंने भारत में ट्रांसजेंडर समुदाय के वास्तविक जीवन अनुभवों को साझा किया। उन्होंने इस समुदाय द्वारा झेली जाने वाली भेदभाव, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच तथा सामाजिक बहिष्करण जैसी चुनौतियों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने एनएएलएसए निर्णय (2014) और ट्रांसजेंडर पर्सन्स (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के माध्यम से हुए कानूनी प्रगतियों पर भी चर्चा की। यह सत्र अत्यंत इंटरएक्टिव रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक संवाद में भाग लिया।

कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती नीना शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कॉलेज के समानता और समावेशन को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सुशासन की नई पहचान: "बिना पर्ची, बिना खर्ची" बना तीसरी बार भाजपा सरकार की जीत का मंत्र- मनोहर लाल

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज शुक्रवार को फरीदाबाद में जिला स्तरीय 'जन विश्वास-जन विकास' समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस समारोह की शुरुआत मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के तहत लाभार्थियों को 50-100 वर्ग गज के प्लॉट आवंटन पत्र वितरित करके की गयी।




केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आज प्रदेशभर में लगभग 9000 पात्र लाभार्थियों को 50-100 गज के प्लॉट आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की एक विशेष पहल है, जिसके माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को स्थायी आवास उपलब्ध करवाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

उन्होंने इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्लॉट उनके लिए "दीपावली का उपहार" हैं, जिससे उनका घर का सपना साकार होगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की राज्य सरकार ने मिलकर पिछले 11 वर्षों में विकास और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में अब तक करोड़ों परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराया गया है और अगले चार वर्षों में 7 करोड़ मकान प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हरियाणा में ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र परिवारों को न केवल प्लॉट आवंटित किए जा रहे हैं, बल्कि मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता भी दी जा रही है, ताकि हर परिवार के सिर पर एक सुरक्षित छत हो सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार का उद्देश्य केवल ईंट और गारे का मकान बनाना नहीं, बल्कि हर घर को शौचालय, बिजली, गैस, स्वच्छ पानी और राशन जैसी सभी बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित करना है। हरियाणा देश का पहला "कैरोसिन फ्री स्टेट" बना, जहां हर घर तक बिजली, गैस कनेक्शन और नल से जल की सुविधा पहुंचाई गई है।

केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार ने ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है। सीएम विंडो, सरल पोर्टल, परिवार पहचान पत्र, ओल्ड एज पेंशन और ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को घर बैठे सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना पर्ची, बिना खर्ची की भर्ती प्रक्रिया भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और स्वामित्व योजना जैसी पहले सुशासन की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। गरीबों को मकान, सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा में यह योजना एक सशक्त कदम है।

## ASI ने फंदा लगा की आत्महत्या, पत्नी व ससुरालियों पर लगाए प्रताड़ित करने के आरोप

**रेवाड़ी-** आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार व रोहतक के एएसआई संदीप लाठर द्वारा किए गए सुसाइड की सुर्खिया अभी फीकी भी नहीं पड़ी थी। अब पुलिस महकमे के ही एक और एएसआई ने सुसाइड कर हड़कंप मचा दिया है। उसने अपने पीछे एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है।

यह एएसआई कृष्ण कुमार यादव रेवाड़ी के गांव जैनाबाद का रहने वाला था। गांव के घर में ही उसने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। एएसआई के सुसाइड की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन सकते में आ गया है और मामले की जांच में जुट गया है। जानकारी के अनुसार गांव जैनाबाद का 40 वर्षीय कृष्ण कुमार पुलिस महकमे में एएसआई के पद पर गुरुग्राम के तैनात था। वह हाल ही में छुट्टी लेकर अपने गांव आया हुआ था। उसके दो बच्चे हैं। उसकी पत्नी दिल्ली के एक स्कूल में पीजीटी टीचर है। कुमार का पत्नी व ससुराल से रिश्ते ठीक नहीं थे।

मरने से पूर्व उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा है। उसने अपनी मौत के लिए पत्नी व ससुराल पक्ष को जिम्मेदार ठहराया है। उनका आरोप है कि पत्नी व ससुरालियों द्वारा उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। वह पिछले दो दिनों से कुछ ज्यादा परेशान था। एएसआई के सुसाइड करने का पता शुक्रवार सुबह लगा। परिजनों ने देखा कि उनके कमरे की खिड़की से दुपट्टे से फंदा लगाया हुआ है। इसकी सूचना जैसे ही डहीना पुलिस चौकी को मिली तो अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे। सीन ऑफ क्राइम टीम व फोरेसिंक टीम को भी बुलाकर घटना स्थल का जायजा लिया गया। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें अपनी मौत के लिए उसने पत्नी व ससुरालजन को जिम्मेदार बताया है।

पुलिस ने सुसाइड नोट को कब्जे में ले लिया है। डहीना पुलिस चौकी के प्रभारी रजनीश कुमार ने कहा कि मृतक के पिता नरदेव की शिकायत पर पत्नी इंदू यादव, ससुर व साले के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पिता नरदेव के अनुसार पुत्रवधू इंदू यादव बेटे कृष्ण के खिलाफ लगातार पुलिस को शिकायतें दे रही थी। इससे वह मानसिक रूप से परेशान रहता था।

## सीजीएसटी फरीदाबाद ने विशेष अभियान 5.0 के तहत आयोजित किया मेगा ई-वेस्ट निस्तारण ड्राइव

**फरीदाबाद:** सीजीएसटी पंचकूला जोन के अंतर्गत सीजीएसटी फरीदाबाद आयुक्तालय द्वारा चल रहे विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत एक मेगा ई-वेस्ट निस्तारण ड्राइव आयोजित की गई। यह अभियान 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को संस्थागत बनाना और लंबित कार्यों का निपटान करना है। ड्राइव के दौरान, पुरानी इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं की महत्वपूर्ण मात्रा — जिसमें 57 मॉनिटर, 30 सीपीयू, 20 कीबोर्ड, 10 माउस डिवाइस, 24 प्रिंटर और 1 स्कैनर शामिल हैं — की पहचान की गई, एकत्र की गई और ई-वेस्ट प्रबंधन नियम, 2022 के अनुसार निपटान के लिए सौंप दी गई, जो कि पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी किए गए हैं। सरकारी कार्यालयों में उत्पन्न ई-वेस्ट के निपटान पर भी विशेष अभियान 5.0 का ध्यान केंद्रित है। इस पहल के तहत, श्री रियाज़ अहमद, आयुक्त, सीजीएसटी फरीदाबाद, श्री आदित्य यादव, संयुक्त आयुक्त, श्रीमती रुबल सरोहा, संयुक्त आयुक्त, और आयुक्तालय के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने ई-कचरा को वैज्ञानिक निपटान के लिए अधिकृत नामित एजेंसी को प्रतीकात्मक रूप से सौंपने में भाग लिया।

# हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में मोदी मॉडल चल रहा है: मुख्यमंत्री
## मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता खुश है, इसलिए मेरे चेहरे पर मुस्कान रहती है

हिन्द जनपथ
**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश में मोदी मॉडल चल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हरियाणा में लगातार महत्वपूर्ण संकल्पों को पूरा किया जा रहा है। विकास के पथ पर अग्रसर हरियाणा निरंतर तरक्की की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने यह बात पंचकूला के रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में पत्रकारों से सवाल जवाब के दौरान कहीं।

उन्होंने बिहार दौरे के संबंध में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि मैं बिहार प्रचार के लिए जा रहा हूँ। कांग्रेस के शासन को जनता ने देखा हुआ है, बात बिहार की हो या पंजाब की, जनता विकास चाहती है। पंजाब के संबंध में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कांग्रेस और अब आम आदमी पार्टी ने वहां सब्जबाग दिखाएं है, झूठ बोलकर सत्ता हासिल कर ली। 2027 में वहां की जनता इन्हें जवाब देगी।

### हंसी पर सवाल उठाने वालों को दिया जवाब



मुख्यमंत्री के चेहरे पर मुस्कान पर विपक्ष के नेताओं द्वारा सवाल उठाये जाने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है, या तो वो धरने पर बैठ जाते है या फिर इस प्रकार की बाते करते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता खुश है, इसलिए मेरे चेहरे पर मुस्कान रहती है। उन्होंने विपक्ष के नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि हंसना स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

### जापान की कई कंपनियां करना चाह रही इनवेस्ट

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जापान दौरे के वक्त कई कंपनियों ने हरियाणा आने की इच्छा जाहिर की है। महाभारत का उदाहरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बर्बरीक को केवल सुदर्शन नजर आ रहा था, वैसे ही जापान में केवल और केवल मोदी—मोदी ही लोग कह रहे थे। जिस भी व्यक्ति से वहां बात हुई या जो भी उनसे मिला, उन्होंने पीएम श्री नरेंद्र मोदी और उनकी नीतियों को सराहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिन के इस दौरे में 5 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू साइन हुए है।

### धनतेरस पर खुलेगी तहसील

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को धनतेरस की बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा की तहसील धनतेरस के दिन भी खुलेगी। बकायदा वहां संबंधित कर्मचारी और अधिकारी रहेंगे तथा लोगों की रजिस्ट्री भी करेंगे।

### किसी भी परिवार के साथ अन्याय नहीं होने देगी सरकार

दिवंगत आईपीएस श्री वाई पूर्णकुमार और एएसआई श्री संदीप से संबंधित एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दोनों ही घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण है। एक घटना की जांच चंडीगढ़ पुलिस और दूसरे की हरियाणा पुलिस कर रही है। किसी भी परिवार के साथ सरकार अन्याय नहीं होने देगी। मामले की जांच में दूध का दूध और पानी का पानी जरूर होगा।

इस दौरान मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, विधायक श्रीमती शक्तिरानी शर्मा, डीजीपी श्री ओपी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री अरुण कुमार गुप्ता,सूचना जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक श्री के मकरंद पांडुरंग, पंचकूला के उपायुक्त श्री सतपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती और मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर आयोजित हुए जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम